दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 16 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 177 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# पुणे, केदारनाथ, मथुरा में जानलेवा हादसे

## अलग-अलग हादसों में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत

### पुणे में बड़ा हादसाः इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा, 6 सैलानियों की मौत, 38 को बचाया गया



महाराष्ट्र में जारी बरिश के बीच पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया है। इस हादसे में 25-30 सैलानियों के बह जाने की खबर सामने आई है। पुल ढहने के तुरंत बाद राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। जिसके बाद नदी से 6 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। हालांकि अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। ऐसे में इस हादसे में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। एनडीआरएफ की दो टीम मौके के लिए राहत-बचाव कार्य में जुटी है। अभी तक यहां से 38 लोगों को बाहर निकाला गया है। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में हादसे की भयावहता साफ नजर आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार पुणे ग्रामीण इलाके कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा है। जिसमें 25 से 30 पर्यटकों के बहने की जानकारी मिल रही है।

### केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 लोगों की मौत



उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार सुबह एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर ने रविवार सुबह 5:24 मिनट पर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे। हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक हादसे की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर रवाना कर दी गई हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया है। भाषा के रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई।

### खुदाई के दौरान मथुरा में ढहे 5 मकान, कई लोग मलबे में दबे

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के माया टीला शाहगंज इलाके में रविवार को खुदाई के दौरान चार से पांच मकान गिर गए। हादसे में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और



मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं। इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई मकान पूरी तरह जमींदोज हो चुके हैं और चारों ओर चीख-पुकार सुनाई दे रही हैं। प्रशासन ने घटनास्थल को सील कर दिया है और जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का काम जारी है।

शेष, पृष्ठ 2

# गाजियाबाद के 842 आरक्षियों को गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

## पुलिस लाइन गाजियाबाद में कमिश्नरेट के अधिकारियों ने देखा लाइव प्रसारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा पास करने वाले गाजियाबाद के 842 अभ्यर्थियों को लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिल गए। नियुक्ति पत्र मिलते ही युवा खुशी से झूम उठे। अब इन सभी को दूसरे जनपदों में ट्रेनिंग के लिए दो दिन बाद भेजा जाएगा। इससे पहले शनिवार की रात को पुलिस लाइन से इन सभी को लखनऊ के लिए रवाना किया गया था। रविवार को लखनऊ में आयोजित किए गए कार्यक्रम में गाजियाबाद अभ्यार्थियों को पुलिस में नौकरी मिल गई। 842 लोग पुलिस भर्ती में चयनित हुए हैं। सिपाही पद के नियुक्ति पत्र मिलने के बाद इन लोगों को 17 जून को जनपद आवंटित कर दिया जाएगा, जो जनपद मिलेगा वहां पर यह लोग अपनी ट्रेनिंग करेंगे। रविवार को पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नरअ जे रविंदर गौड और कमिश्नरेट के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### 17 जून से शुरू होगी ट्रेनिंग

करंट क्राइम : ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद तैनाती मिल सकेगी। जैसे ही इन लोगों को नियुक्ति पत्र मिले वैसे ही उसे सिर से लगा लिया। फोटो खींचकर परिवार के लोगों के पास भेज दिए गए। इससे पहले शुक्रवार को सभी अभ्यार्थियों को पुलिस लाइन में बुलाया गया था। यहां पर इन लोगों को अचारण का पाठ पढ़ाने के बाद बसों से लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ,एडीसीपी प्रोटॉकाल आनंद कुमार, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी अंकुर विहार, अजय सिंह, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम, एसीपी मसूरी लिपि नगायच सहित अधिकारी मौजूद रहे। बता दें कि इसके लिए 842 से अधिक अभ्यार्थी भेजे जाएंगे। 17 जून को शासन की ओर से इन्हें जिलों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। ट्रेनिंग के लिए आने वाले अभ्यार्थियों की व्यवस्था पुलिस लाइन में की जा रही है। इससे उनकी ट्रेनिंग पूरी हो सके।



"सभी अभ्यर्थियों को देश के सबसे बड़े पुलिस बल उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने के लिए सभी को बधाई। वह एक अनुशासित बल उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बने हैं उनके व परिवार के लिए गौरव की बात है। सभी अभ्यार्थी गाजियाबाद में ट्रेनिंग पुलिस लाइन में दी जाएगी।

जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर
पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# गाजियाबाद रत्न : वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले

# सालों से 'खादी' किंग बने हुए हैं वेद प्रकाश गर्ग 'खादी' वाले

## युवाओं के बीच भी खासा क्रेज रखती है खादी वालों की दुकान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार यह 2025 वर्ष है लेकिन आज भी पुराने खादी, लीनन, सिल्क और मधुबनी से लेकर आरामदायक खादी कपड़ों को पहनने वाले शौकीनों की कमी नहीं है। दैनिक करंट क्राइम द्वारा शुरू किए गए शहर के अलग-अलग प्रमुख लोगों के इंटरव्यू की श्रृंखला में इस बार गाजियाबाद रत्न में बात हो रही है, प्रकाश टेक्सटाइल्स के प्रमुख वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की। जिनकी गाजियाबाद के चौपला मंदिर के निकट अग्रसेन बाजार मे बहुत पुरानी दुकान है। यह प्रतिष्ठान वर्ष 1952 से लगातार खादी के कपड़ों का केंद्र बनी हुई है।

यूं तो गाजियाबाद शहर में कपड़े और खादी के कपड़ों की सैकड़ों दुकान हैं लेकिन

**साल 1952 से चौपला मंदिर के पास अग्रसेन बाजार में है प्रकाश टेक्सटाइल्स - पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई से लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद महेश शर्मा, साध्वी प्रज्ञा, एमएस बिट्टा, क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा सहित सैकड़ो प्रमुख हस्ती हैं दुकान के ग्राहक।**

राजनेताओं से लेकर शहर के प्रमुख लोगों दिल्ली में और लखनऊ में रहने वाले प्रमुख लोगों से लेकर गाजियाबाद के युवाओं और अलग-अलग उम्र के लोगों में गाजियाबाद के चौपला मंदिर स्थित अग्रसेन बाजार के निकट बनी प्रकाश टेक्सटाइल स्वर्गीय बुद्ध प्रकाश गर्ग और उनके पुत्र वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की दुकान शहर ही नहीं आसपास के कई नगरों, प्रदेशों में अपनी अलग पहचान रखती है।

वेद प्रकाश गर्ग के पिता बुद्ध प्रकाश गर्ग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य रहे हैं। उन्होंने वर्ष 1952 में छोटी सी दुकान के साथ गाजियाबाद के लोगों के बीच खादी के वस्त्रों और फैशन को बढ़ावा देने के लिए इस दुकान की शुरूआत की थी। आज प्रकाश टेक्सटाइल दिल्ली-एनसीआर ही नई संसद से लेकर कई विधानसभाओं में अपनी पहचान बना चुकी है।

### नहीं लगा है एयर कंडीशन और न ही बनाया है कोई शोरूम

करंट क्राइम : गाजियाबाद जिले में कुर्ते पैजामे से लेकर कॉटन वाले कपड़े और लीलन से लेकर सिल्क, सिल्क की सैकड़ो वैरायटी के लिए जाना जाता है। खादी पहनने के शौकीन अब दिल्ली, लखनऊ, बिहार, इलाहबाद और मुबई और अन्य शहरों का रुख नहीं करते हैं। वह गाजियाबाद की प्रकाश टेक्सटाइल और उनके वर्तमान कर्ताधर्ता वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की दुकान का रुख करते हैं। भले ही दुकान तंग गली में हो और यहां गाजियाबाद का ऐतिहासिक मोहल्ला हो, पर प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वालों के यहां लोगों की भीड़ कभी कम नहीं पड़ती है। वेद प्रकाश गर्ग बताते हैं कि वह यहां व्यापार नहीं कर रहें हैं।

बस लोगों के संबंधों और खादी पहनने के शौकीनों की सेवा करने में लगे हुए हैं। कभी छोटी सी दुकान से शुरू हुआ प्रकाश टेक्सटाइल्स का कारोबार आज बड़ी और एक दुकान को बढ़ाकर कई दुकानों के बीच में शुरू हो गया है। इसके बावजूद भी फैशन और हाईटेक वाली दौड़ में आज भी प्रकाश टेक्सटाइल्स वेद प्रकाश गर्ग खादी वालों की दुकान में ना तो कोई शोरूम नुमा चमक-धमक प्रदान की गई है और ना ही यहां गर्मी से बचाव के लिए एयर कंडीशन शोरूम बनाया गया है। वेद प्रकाश करके कहते हैं कि शहर के पुराने लोगों से लेकर स्थानीय नेता और खादी और लीनन व सिल्क के शौकीन उनकी दुकान के अलावा कहीं रुक नहीं करते हैं।

**दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण** से बातचीत करते हुए वेद प्रकाश गर्ग बताते हैं कि यहां उनकी चौथी पीढ़ी दुकान में सेवा कर रही है और कई दुकान के कर्मचारी भी बीते 35 से 40 वर्षों से लगातार नौकरी पर हैं। वेद प्रकाश गर्ग बताते हैं कि उनकी दुकान के खादी और सिल्क को पार्षद से लेकर देश के रक्षा मंत्री, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तो कई क्रिकेटर और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी जमकर खरीदने हैं और उसका इस्तेमाल भी करते हैं। वैसे तो दुकान का नाम प्रकाश टेक्सटाइल्स है लेकिन पूरे बाजार में खादी वालों के नाम से जाने जाते हैं। प्रस्तुत है **दैनिक करंट क्राइम** की खास पेशकश गाजियाबाद रत्न में इस बार **वेद प्रकाश गर्ग** खादी वालों के बारे में विस्तार से बातचीत के प्रमुख अंश।



दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**❐ वेद प्रकाश जी यह दुकान कब से है और कितना समय हो चुका है?**

प्रकाश टेक्सटाइल्स की शुरूआत मेरे पिताजी स्वर्गीय बुद्ध प्रकाश गर्ग ने 1952 में की थी ,तब यह दुकान मुख्य मार्ग पर छोटी सी हुआ करती थी और लोगों को खादी और कपड़ों की जरूरत को पूरा करने के मकसद से इस दुकान की शुरूआत की गई थी। इस दुकान और मेरे परिवार द्वारा पिछले लगभग 70 सालों से अधिक से गाजियाबाद और आसपास के लोगों की खादी व अन्य परिधान पहनाने और खादी परिधान की पहचान कायम रखने का काम कर रहे हैं।

**❐ वेद प्रकाश जी आपका नाम खादी वाले कैसे पड़ा और क्या कहानी है**

देखिए मैं गाजियाबाद में ही रहा और यहां मैंने शंभू दयाल इंटर कॉलेज से 12वीं की पढ़ाई की है। उससे पहले से हम अपने पिताजी के साथ दुकान में बैठने लगे थे, वैसे मेरा नाम वेद प्रकाश गर्ग है पर दोस्त और दुकान के आसपास के लोग खादी वालों के नाम से बुलाने लगे। साथ ही दुकान पर इतना समय देने के साथ-साथ एक अलग पहचान बन चुकी है और हमने भी पिताजी के साथ मिलकर इसमें पूरी मेहनत से इसे सफल बनाने में योगदान दिया है।

**❐ आपकी दुकान में ऐसी क्या खासियत है, कि यहां हर वर्ग, हर दल और खादी के शौकीन खींचे चले आते हैं?**

देखिए हम कई प्रमुख कंपनियों का कॉटन, लीलन और सिल्क मांगते हैं, पर खास बात यह है कि इस प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वालों की दुकान पर 60 रुपये मीटर से लेकर 3600 रुपये मीटर का कॉटन उपलब्ध है। तो वहीं लीलन की भी लंबी रेंज लोगों को आसानी से मिल जाती है। यही वजह है कि राजनैतिक, सामाजिक और फैान में कॉटन को पहनने के शौकीन पुरुष,। महिलाएं और हर धर्म के लोग दुकान पर आते हैं। साथ ही मैं यह भी देख रहा हूं कि अब युवा वर्ग में भी कॉटन और खादी को लेकर क्रेज बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

**❐ आपकी दुकान के लिए एक बात कही जाती है कि यहां राजनेता बहुत आते हैं?**

देखिए राजनेताओं के साथ-साथ यहां शहर के प्रमुख गणमान्य लोग खादी को पसंद करने वाले और युवा भी आते हैं। हां यह बात ठीक है कि राजनैतिक लोग अधिक आते हैं। साल भर आते रहते हैं और चुनाव के दिनों में तो काफी डिमांड बढ़ जाती है। हमारे यहां पार्षद से लेकर सांसद और बड़े नेता भी आते रहते हैं। कुछ नेता तो लगातार सालों से कस्टमर के रूप में जुड़े हुए हैं, वह अब एक परिवार के रूप में खरीदारी करने के लिए आते हैं।

**❐ आपकी दुकान में कितने तरीके की रेंज हैं, क्या-क्या वैरायटी रखते हैं?**

देखिए दुकान पूरी तरीके से खादी और कपड़ों की अलग-अलग वैरायटी से भरी हुई है। बंडलों को गिनने का काम किया जाए तो शायद पूरा दिन बीत जाएगा, फिर भी प्रमुख रूप से खादी, लीलन, खाकी, सिल्क, खादी, मधुबनी कॉटन, लिंक, स्ट्रिंग से लेकर वह सभी कपड़ों की रेंज जो इन दिनों चलन में है या लोग जिनकी डिमांड करते हैं, वह प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वालों के यहां हर समय उपलब्ध रहती है।



**❐ ऐसे कौन से लोग हैं जो आपके यहां रेगुलर आते रहते हैं, कुछ खास नाम है?**

देखिए हमारी दुकान में तमाम लोग आते रहते हैं। यहां सभी ग्राहकों को उतना ही सम्मान, स्वागत और महत्व दिया जाता है जितना प्रमुख आदमी को, फिर भी राजनाथ सिंह, सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, मंत्री दारा सिंह चौहान, साध्वी प्रज्ञा, एमएस बिट्टा, नरेंद्र कश्यप स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, एमएलसी दिनेश गोयल, दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, हिमांशु मित्तल चेयरमैन, विधायक अजीत पाल त्यागी, बसंत त्यागी, ममता त्यागी सहित शहर के तमाम ऐसे नेता हैं, जो रेगुलर आते हैं। साथ ही क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा भी इस दुकान में खरीदारी कर चुके हैं।

**❐ क्या आजकल खादी को लेकर युवा वर्ग और कॉर्पोरेट लोग भी रूख करते हैं?**

देखिए बिल्कुल सही बात है आज खादी की दिलचस्पी और पसंद हर वर्ग में है। नई उम्र के लड़कों से लेकर मल्टीनेशनल कंपनी और कॉर्पोरेट में काम करने वाले भी खादी को पसंद कर रहे हैं, यह अच्छी बात है।

**❐ आपके दो बेटे हैं हिमांशु और उज्जवल दोनों अच्छी शिक्षा हासिल किए हुए हैं, उसके बावजूद आपने नौकरी ना करवा कर व्यवसाय से जोड़ा?**



देखिए बेटे हिमांशु ने बीटेक की पढ़ाई की हुई है। तो उज्ज्वल ने आईएमटी गाजियाबाद से एमबीए की पढ़ाई की हुई है। दोनों ने कुछ समय तक नौकरी भी की लेकिन अपने इस पुश्तैनी काम को आगे बढ़ाने और सम्मानपूर्वक पेशे को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक थी, इसीलिए मैंने अपने दोनों बेटे को अपने साथ जोड़ा हुआ है। वह भी अब प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वाले का हिस्सा बन चुके हैं। लगातार हम सभी मेहनत करके शहर के लोगों को और बेहतर खादी, सिल्क और लीलन उपलब्ध करवाने में लगे हुए हैं।

| | |
|---|---|
| नाम | वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले |
| पिता | स्वर्गीय बुद्ध प्रकाश गर्ग |
| शिक्षा | शंभू दयाल इंटर कॉलेज से 12वीं तक |
| मूलनिवासी | गाजियाबाद |
| पुत्र | हिमांशु और उज्जवल गर्ग |
| प्रतिष्ठान | प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वाले |
| पता | चौपला मंदिर के निकट अग्रसेन बाजार गाजियाबाद |

कृषि विभाग के कई प्रमुख अफसर, आईएएस, आईपीएस अधिकारियों से लेकर कॉर्पोरेट की बड़ी कंपनियों में काम करने वाले लोग भी कॉटन, लीलन और सिल्क खरीदारी करने के लिए प्रकाश टेक्सटाइल्स खादी वालों के यहां आते हैं।

**❐ आपके लिए एक बात और कही जाती है, आपका व्यवहार और सभी को सम्मान देने का जो अंदाज है, वह आपको अलग बनाता है?**

देखिए यह सब हमने अपने पिताजी स्वर्गीय बुद्ध प्रकाश गर्ग से सीखा है। जब से इस दुकान में बैठना शुरू किया, दुकान के आगे से निकलने वाले और आने वाले सभी छोटे-बड़े लोगों को नमस्कार, राम-राम करते थे। उनका आशीर्वाद लेते थे और यह प्रक्रिया सालों से चलती चली आ रही है। हमारी दुकान में आने वाले मजदूर, रिक्शा चालक और कबाड़ का काम करने वाले को भी उतना ही सम्मान आदर और स्वागत दिया जाता है, जितना किसी प्रमुख व्यक्ति या उद्यमी के आने पर।











दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...



# अहमदाबाद त्रासदी से उबरे नहीं, अब गौरीकुंड में हेलीकॉप्टर क्रैश



**मथुरा के गोविंद नगर क्षेत्र में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। शाहगंज दरवाजा क्षेत्र में सिद्ध बाबा मंदिर के पास टीला खिसकने से पांच मकान धराशायी हो गए। मकान ढहने से मकानों में रहने वाले लोग और पास में ही निमार्णाधीन दीवार पर काम कर रहे मजदूरों समेत दर्जन भर लोग मलबे में फंस गए।**

नई दिल्ली। देश में बीते चार दिनों में तीन बड़े हादसे हो चुके हैं, जिससे देश में गम का माहौल है। पहला हादसा 12 जून को अहमदाबाद में हुआ, जहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का विमान हादसे का शिकार हो गया। इस हादसे से लोग उबरे भी नहीं थे, रविवार 15 जून को केदारनाथ के करीब एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। रविवार को ही मथुरा में एक और बड़ा हादसा हो गया, जहां खुदाई के दौरान चार से पांच मकान गिर गए। मकानों के मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है।

## चार दिन में तीन बड़े हादसे



### अहमदाबाद विमान हादसे में 270 की मौत

12 जून को एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 171 अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरते ही क्रैश हो गई थी। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई। जान गंवाने वालों में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी भी थे। अहमदाबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एयर इंडिया के विमान ने लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन टेक ऑफ होते ही विमान के दोनों इंजन फेल हो गए और विमान लहराते हुए रिहायशी इलाके में गिरा। विमान जिस इमारत पर गिरा, वह डॉक्टर हॉस्टल था, जिससे कई इंटर्न डॉक्टर भी हादसे की चपेट में आकर जान गंवा बैठे। विमान में कुल 242 यात्री सवार थे, जिनमें से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और सात पुर्तगाली नागरिक शामिल थे। विमान के यात्रियों में से सिर्फ एक यात्री की जान बच सकी, जो विमान के क्रैश होते ही नीचे गिर गया था।

**विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि दी :** कविनगर स्थित राष्ट्रीय व्यापार मंडल के कार्यालय पर व्यापारियों ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बाल किशन गुप्ता समेत अन्य व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। व्यापारियों ने कहा कि ये घटना देश के लिए दुखद है।

## हेलिकॉप्टर क्रैश में 7 की मौत



### केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 लोगों की मौत

उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार सुबह एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर ने रविवार सुबह 5 :24 मिनट पर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट समेत 6 लोग सवार थे। हादसे में सभी लोगों के मारे जाने की खबर है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अभी तक की जानकारी के मुताबिक हादसे की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर रवाना कर दी गई हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताया है।

भाषा के रिपोर्ट के अनुसार, उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई।रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई।इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## मथुरा में दर्दनाक हादसा



### मथुरा में ढहे 5 मकान, कई लोग मलबे में दबे

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के माया टीला शाहगंज इलाके में रविवार को खुदाई के दौरान चार से पांच मकान गिर गए। हादसे में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुट गई हैं। इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई मकान पूरी तरह जमींदोज हो चुके हैं और चारों ओर चीख-पुकार सुनाई दे रही हैं। प्रशासन ने घटनास्थल को सील कर दिया है और जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाने का काम जारी है। एक घायल को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया है।

**खुदाई बनी हादसे की वजह? :** स्थानीय लोगों के अनुसार, माया टीला शाहगंज इलाके में किसी निर्माण कार्य को लेकर खुदाई चल रही थी। उसी दौरान नींव कमजोर हो गई और आसपास बने पुराने मकान ढह गए। हादसा इतना अचानक हुआ कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। अलर्ट मोड में पुलिस और प्रशासन पुलिस ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि थाना गोविंद नगर इलाके के माया टीला शाहगंज क्षेत्र में खुदाई के चलते बड़ा हादसा हुआ है।

# आज गुजरात के राजकोट में होगा विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार



**अहमदाबाद:** 12 जून 2025 को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस भयावह हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी। आज रविवार को गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि विजय रूपाणी के डीएनए का मिलान सुबह 11:10 बजे हो गया और उनके परिवार को इसकी जानकारी दे दी गई है। उनके पार्थिव शरीर को जल्द ही राजकोट ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा। जानकारी के अनुसार चार्टड प्लेन से उनके शव को राजकोट भेजा जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री के अंतिम संस्कार को लेकर राजकोट में तैयारी जारी है। प्रशासन की तरफ से जारी एक प्रेस नोट के अनुसार अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। प्रशासन की तरफ से इसे लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

विजय रूपाणी का डीएनए मैच होने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने उनके परिजनों को दी। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने मीडिया को बताया, सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और परिवार को बताया कि डीएनए मिलान हो गया है।

**अंतिम संस्कार को लेकर राजकोट में तैयारी जारी**

मुख्यमंत्री ने परिवार को ये भी बताया कि राजकोट में अंतिम संस्कार संपन्न कराने में सरकार उनका सहयोग करेगी। परिवार के सदस्य तय करेंगे कि वे उनका पार्थिव शरीर कब ले जाना चाहते हैं।

विजय रूपाणी एयर इंडिया की उसी फ्लाइट में थे, जो 12 जून को अहमदाबाद में लंदन के लिए रवाना होने से कुछ मिनट बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन में 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 लोग मारे गए। प्लेन दुर्घटना में सिर्फ एक व्यक्ति जिंदा बचा, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। फिलहाल पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के अंतिम दर्शन के लिए राजकोट के अलग-अलग हिस्सों से लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। प्रशासन ने भी शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं।

**विजय रूपाणी के सीएम रहते ही शुरू हुई थी लंदन के लिए उड़ान :** आपको बता दें कि विजय रूपाणी ने मुख्यमंत्री रहने के दौरान अहमदाबाद से लंदन के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू हुई थी। उस समय किसी ने सोचा तक नहीं था कि उनकी मौत इसी यात्रा के दौरान ऐसे हो जाएगी।

# अहमदाबाद हादसे में 32 डीएनए सैंपल हुए मैच

## 14 शवों की पहचान के बाद परिजनों को सौंपा गया

**अहमदाबाद:** 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद में हुए एअर इंडिया विमान हादसे के बाद सभी शवों को शहर के सिविल अस्पताल लाया गया था। यहां शवों और मृतकों के परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए। जिनके डीएनए सैंपल का मिलान हो रहा है, उन्हें बुलाकर शव सौंपने का काम किया जा रहा है। गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के डीएनए सैंपल का मिलान हो गया है।

गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने रविवार को कहा, ₹सीएम भूपेंद्र पटेल पूर्व सीएम विजय रूपाणी के आवास पर गए और उनके परिवार को बताया कि उनका डीएनए मिलान हो गया है। सीएम ने परिवार को यह भी बताया है कि राजकोट में अंतिम संस्कार की आगे की प्रक्रिया में राज्य सरकार उनका सहयोग करेगी। परिवार के सदस्य तय करेंगे कि वे उनका पार्थिव शरीर कब लेना चाहते हैं। भाजपा सांसद मयंक नायक ने कहा, दुर्घटना में पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत कई लोगों की जान चली गई। आज उनका डीएनए मैच हो गया है। परिवार की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार राजकोट में रीति-रिवाज के अनुसार किया जाएगा। परिवार के सदस्य जल्द ही अंतिम संस्कार की रस्में तय करेंगे।

वहीं, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ। रजनीश पटेल ने बताया कि




**मृतकों में 11 विदेशी नागरिक, परिजनों से संपर्क किया जा रहा**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद मिले शवों में से अब तक 32 डीएनए सैंपल का मिलान हो चुका है, जिसमें से 14 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।

इन मृतकों में अहमदाबाद के 4, वडोदरा के 2, खेड़ा-बोटाद और अरावली के एक-एक, उदयपुर और मेहसाणा के एक-एक और विसनगर के 4 लोग शामिल हैं। परिजन शव लेकर अपने गृहनगर लौट रहे हैं। शव सौंपने की प्रक्रिया में करीब 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है।

गुजरात के राहत आयुक्त आलोक पांडे ने कहा, मृतकों में 11 विदेशी नागरिक हैं, उनके परिजनों से संपर्क किया गया है। वे कल दोपहर तक अहमदाबाद पहुंच जाएंगे। ब्रिटिश नागरिकों के डीएनए सैंपल आज लिए जाएंगे।

इस हादसे में मृतकों के सभी परिजनों को, जिनका डीएनए मिलान हो रहा है, शव सौंप दिए गए हैं। शव सौंपने के लिए 230 टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक अलग टीम आवंटित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी, एक पुलिसकर्मी और एक पेशेवर परामर्शदाता शामिल हैं।




# अमित शाह और सीएम योगी ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** योगी सरकार ने रविवार को यूपी पुलिस विभाग की सबसे बड़ी आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 60,244 का नियुक्ति पत्र वितरित किया है। योगी सरकार द्वारा आयोजित आरक्षी पुलिस नियुक्ति पत्र को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा वितरित किया गया। बता दें कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश के इतिहास में पहली बार पुलिस विभाग में इतने बड़े पैमाने पर आरक्षी सिपाही भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायी गयी। इतना ही नहीं योगी सरकार ने सकुशल भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने के साथ हाईटेक ट्रेनिंग देने के साथ रिकार्ड समय में ज्वाइनिंग देकर नया कीर्तिमान रचा है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा-बीते 8 सालों में यूपी सरकार ने 8 l50 लाख सरकारी नौकरियां दी गई। पिछले 8 वर्ष ने डबल इंजन की सरकार ने दंगा मुक्त कर यूपी के प्रोटेक्शन को बदलने का काम किया। स्मार्ट पुलिसिंग आज की जरूरत है। 2017 से पहले भाई भतीजावाद था बिना पैसा दिए सेलेक्शन नहीं मिलता था लेकिन आज यह गए दिन की बात हुई। आज मैरिट के आधार पर नियुक्ति दी जा रही। बीते 8 साल में पुलिस में 2 लाख 18 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती की। 2018 में जब पहली भर्ती हुई तो ट्रेनिंग के लिए सीआरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर अभ्यर्थियों को भेजा गया। लेकिन आज इन सभी की ट्रेनिंग अब यूपी में होगी।

**सभी अभ्यर्थियों को दी गई हाईटेक ट्रेनिंग**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 60,244 पुलिसकर्मियों की भर्ती एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में हो रहा है।

# 5 दिनों की यात्रा में 3 देशों का दौरा करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## कनाडा में जी7 समिट में भी लेंगे हिस्सा, पहली बार क्रोएशिया जाएंगे भारतीय प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही तीन देशों की यात्रा पर जाने वाले हैं। पीएम मोदी 15 जून से 19 जून के बीच साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने आज इसकी सूचना जारी करते हुए बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ भारत की द्विपक्षीय और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पीएम मोदी पहले साइप्रस जाएंगे। इसके बाद कनाडा में जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और फिर वो क्रोएशिया का रुख करेंगे।

**साइप्रस का दो दिवसीय दौरा :** विदेश मंत्रालय के अनुसार, साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के बुलावे पर पीएम मोदी 15 जून को दो दिवसीय साइप्रस यात्रा के लिए रवाना होंगे। पिछले 2 दशकों में भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली साइप्रस यात्रा होगी। इस दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति निकोस के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी।




**जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे पीएम मोदी :** साइप्रस के बाद पीएम मोदी 16 और 17 जून को कनाडा की विदेश यात्रा पर रहेंगे। पीएम मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बुलावे पर जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी लगातार छठीं बार जी-7 सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में फ्रांस, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा के दिग्गज नेता भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कुछ देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं।

**ऐतिहासिक होगा क्रोएशिया का दौरा :** कनाडा के बाद पीएम मोदी 18 जून को क्रोएशिया की यात्रा करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा बेहद ऐतिहासिक होगी।

पीएम मोदी क्रोएशिया जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के बुलावे के बाद पीएम मोदी की यह यात्रा शेड्यूल की गई है। इस दौरान पीएम मोदी क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच से भी मुलाकात करेंगे।

# इसरो ने कुशीनगर में पहला रॉकेट लॉन्चिंग परीक्षण सफलतापूर्वक किया





**लखनऊ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार 14 जून को उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में सफलतापूर्वक रॉकेट लॉन्चिंग परीक्षण किया। अधिकारियों ने पीटीआई को बताया कि यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि यह पहली बार था जब राज्य से रॉकेट के माध्यम से पेलोड लॉन्च किया गया था।

पीटीआई ने इसरो वैज्ञानिक अभिषेक सिंह के हवाले से बताया, रॉकेट को शाम 5:14 बजे और 33 सेकंड पर लॉन्च किया गया, जो 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। इसके बाद एक छोटा उपग्रह (पेलोड) बाहर आया। जैसे ही यह 5 मीटर नीचे गिरा, इसका पैराशूट सक्रिय हो गया और उपग्रह 400 मीटर की दूरी पर जमीन पर आ गिरा। यह परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। रॉकेट लॉन्च परीक्षण के दौरान, उपग्रह को लॉन्च करने से पहले अंतरिक्ष यान 5:14:33 बजे 1.1 किमी ऊपर चढ़ा, जो पूरी तरह सफल रहा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उपग्रह और 15 किलोग्राम का रॉकेट दोनों सुरक्षित रूप से नीचे उतरे। इसरो के वैज्ञानिक ने बताया कि नवीनतम रॉकेट प्रक्षेपण परीक्षण अहमदाबाद में ड्रोन का उपयोग करके किए गए पिछले परीक्षणों से कई मायनों में अलग है।

# लालू प्रसाद को एससी आयोग का नोटिस

## पूछा- बाबा साहेब के अपमान मामले में क्यों न आप पर मुकदमा दर्ज किया जाए




**पटना:** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव आजकल चर्चा में हैं। उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। बाबा साहेब के अपमान के एक मामले में राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने उन्हें नोटिस भेजा है। आयोग ने लालू यादव से 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। उनसे पूछा गया है कि उनके खिलाफ क्यों न अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। यह नोटिस लालू यादव को उनके जन्मदिन पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर के कथित अपमान के लिए भेजा गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

राज्य अनुसूचित जाति आयोग लालू यादव से जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करेगा। इस मामले में लालू यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अगर आयोग उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुआ, तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। आयोग के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की ओर यह जारी नोटिस जारी किया गया है।

**बाबा साहेब की तस्वीर को लेकर उठा विवाद :** दरअसल, 11 जून को लालू यादव का जन्मदिन था। इस मौके पर कई तस्वीरें सामने आईं। राजद के कई नेता और कार्यकर्ता उन्हें तोहफे दे रहे थे। तस्वीरों में देखा गया कि लालू यादव को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर भी भेंट की गई।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 • नई दिल्ली। सोमवार 16 जून-2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





# कैलाश मानसरोवर भवन से पहले जत्थे की तीर्थयात्रा का शुभारंभ

## मंत्री जयबीर सिंह, सुनील शर्मा, अतुल गर्ग, आचार्य प्रमोद कृष्णम और मयंक गोयल ने दिखाई हरी झंडी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आध्यात्मिक दृष्टि और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प के अनुरूप गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा के पहले जत्थे को भव्य स्वागत और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ रवाना किया गया। इस पावन अवसर पर यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर तीर्थ की ओर रवाना किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन एवं धार्मिक कार्य विभाग के मंत्री जयबीर सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, प्रख्यात संत आचार्य प्रमोद कृष्णम तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने विशेष रूप से सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। पूरे वातावरण में हर हर महादेव के उद्घोष और धार्मिक उल्लास की गूंज रही।

**यह यात्रा आत्मिक जागरण का मार्ग : मंत्री सुनील शर्मा** – करंट क्राइम। मंत्री सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री, उ.प्र.) ने कहा, यह यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मिक जागरण का मार्ग है। श्रद्धालु सौभाग्यशाली हैं जो बाबा भोलेनाथ के सान्निध्य में प्रवेश करने जा रहे हैं। हमारा सौभाग्य है कि हम इनके स्वागत में सहभागी बन सके।

**यह यात्रा धार्मिक प्रगति और संगठनात्मक समर्पण का प्रतीक : अतुल गर्ग** – करंट क्राइम। अतुल गर्ग (सांसद, गाजियाबाद) ने कहा, तीर्थयात्रा के लिए गई व्यवस्थाएं अभूतपूर्व हैं। यह जत्था उत्तर प्रदेश की धार्मिक प्रगति और संगठनात्मक समर्पण का प्रतीक है।

**यह एक आत्मिक यात्रा है : आचार्य प्रमोद कृष्णम** – करंट क्राइम। आचार्य प्रमोद कृष्णम (संत एवं विचारक) ने कहा, बाबा भोलेनाथ की कृपा से यह यात्रा केवल शरीर की नहीं, आत्मा की भी यात्रा है। सब यात्रियों को मेरी तरफ से शुभकामनाएं।

**भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है यह यात्रा : मयंक गोयल** – करंट क्राइम। मयंक गोयल (महानगर अध्यक्ष, भाजपा) ने कहा, यह केवल यात्रा नहीं, यह भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण है। गाजियाबाद से तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना होना हमारे लिए गर्व का विषय है।

**भगवान भोलेनाथ सभी यात्रियों की यात्रा को मंगलमय करें : प्रदीप चौधरी** – करंट क्राइम। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प के साथ आध्यात्मिक भारत भी पूरी गति से अग्रसर है। भगवान भोलेनाथ सभी यात्रियों की यात्रा को मंगलमय करें – यही सभी की मंगलकामना है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर : मंत्री जयबीर सिंह



करंट क्राइम। मंत्री जयबीर सिंह (पर्यटन व धार्मिक कार्य मंत्री, उ.प्र.) ने कहा, कैलाश मानसरोवर यात्रा सनातन आस्था और भारतीय संस्कृति की जीवंत धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी जी ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। उत्तर प्रदेश सरकार हर तीर्थयात्री की सुविधा हेतु संकल्पित है।

# बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर पार्षदों ने खटखटाए सांसद और विधायकों के दरवाजे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का जिन्न अब धीरे-धीरे बोतल से बाहर आ गया है। अब हाउस टैक्स को लेकर केवल मेयर खामोश हैं और पार्षदों में रोष है। वो निगम के दफ्तर में बैठक कर रहे हैं वो लेटर लिख रहे हैं और अब पार्षदों ने हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी के विरोध में समर्थन के लिये लोकसभा सांसद और विधायकों के दरवाजें खटखटाए हैं। पार्षद चाहते हैं कि सांसद-विधायक इस मुद्दे पर उनके साथ आएं। पार्षद रविवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तथा शहर विधायक संजीव शर्मा से मिले और सम्पत्ति कर को लेकर चर्चा की।

पार्षदों का कहना है कि नगर निगम द्वारा बढ़ाया गया संपत्ति कर शहरवासियों के लिये समस्या बन गया है। ऑनलाइन संपत्ति कर चेक करने पर अत्याधिक बढ़ा हुआ दिखाई देखकर सब हैरान हैं। पार्षद इस बढ़े टैक्स को लेकर मोर्चा खोल रहे हैं। रविवार को संपत्ति कर के इस विषय को लेकर एक दर्जन पार्षद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा से मिले।

## मेयर के हाथ से निकलकर मुद्दा पहुंचा सांसद-विधायक के पास



नगर निगम की मुखिया मेयर है और आमतौर पर अपने-अपने वार्ड के विकास से लेकर अन्य मुद्दों पर भी सभी पार्षद मेयर के पास जाते हैं। विकास के प्रस्ताव पास कराते हैं और कई बार तो भाजपा के पार्षद बोर्ड बैठक से पहले मेयर से गाइडलादन लेते हैं कि किस विषय पर बोलना है और किस विषय पर नहीं बोलना है। कई बार तो बाकायदा व्हिप भी जारी होती है, लेकिन इस बार ये रेयर हो रहा है कि पार्षद अपने ही सदन की मुखिया के निर्देश की केयर नहीं कर रहे हैं। वो विरोध कर रहे हैं और अब सांसद और विधायकों के पास पहुंचे। रविवार को भाजपा सांसद अतुल गर्ग, भाजपा विधायक संजीव शर्मा से भाजपा के पार्षद धीरज गोयल, राजकुमार नागर, अमित त्यागी, पूनम सिंह, अजीत निगम, देवनारायण, कन्हैयालाल, राजकुमार, गोपाल, ओमप्रकाश ओढ़, संतोष सिंह राणा, हानसिंह ने बात

## पार्षद चाहते हैं स्पेशल बोर्ड बैठक में मौजूद रहे सांसद-एमएलसी और विधायक

करंट क्राइम। हाउस टैक्स को लेकर सीन आगे-आगे विरोध का हो रहा है। अभी तक पार्षद निगम में विरोध की रणनीति बना रहे थे, वो बैठक कर रहे थे और यहां एक बात अक्सर निकलकर सामने आती है कि एक विशेष बैठक हुई थी और उस बैठक में कैबिनेट मंत्री भी मौजूद थे, विधायक भी मौजूद थे और प्रस्ताव निरस्त हुआ था। पार्षद अब चाहते हैं कि सभी का पक्ष स्पष्ट हो, इस मुद्दे पर दूध का दूध और पानी का पानी हो। अब पार्षद ये मांग कर रहे हैं कि केवल हाउस टैक्स के मुद्दे पर ही विशेष बोर्ड बैठक बुलाई जाए। वो चाहते हैं कि इस बोर्ड बैठक में लोकसभा सांसद, विधायक और एमएलसी आएं, इस बोर्ड बैठक में भाग लें। पार्षदों का कहना है कि सांसद-विधायक और एमएलसी भी नगर निगम के सदन के पदेन सदस्य हैं। वो वोट डालने का अधिकार रखते हैं तो उन्हें बोर्ड बैठक में आकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि वो हाउस टैक्स के मुद्दे पर विरोध करने वाले पार्षदों के सपोर्ट में हैं या फिर वो बढ़े हुए हाउस टैक्स का सपोर्ट कर रहे हैं।

## जनता के प्रतिनिधि हैं, जनता की बात करेंगे: संजीव शर्मा



करंट क्राइम। निगम पार्षद रविवार को शहर विधायक संजीव शर्मा से भी मिले। दैनिक करंट क्राइम ने संजीव शर्मा से जब बात की तो उन्होंने कहा कि निगम पार्षदों ने यह मांग की है कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में आपको मौजूद रहना है। मैंने इस बात पर अपनी स्वीकृति दे दी है। करंट क्राइम ने जब शहर विधायक संजीव शर्मा से पूछा कि आप नगर निगम के पदेन सदस्य भी हैं तो क्या इस बैठक में जब हाउस टैक्स का मुद्दा आएगा तो आप किसके पक्ष में रहेंगे। यहां पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि मैं जनता का प्रतिनिधि हूं और निश्चित रूप से जनता के हित की बात करूंगा।

# हिंडन एयरपोर्ट आ रही फ्लाइट कोलकाता में रोकी गई

## गाजियाबाद से गोवा के लिए जाने वाली उड़ान भी हुई निरस्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों देशभर में हवाई सेवाओं को लेकर एजेंसियां बेहद अलर्ट मोड पर आ गई हैं। तो वहीं बीते कुछ दिनों के दौरान एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं। अहमदाबाद का हादसा लोग अभी भूले भी नहीं थे, कि रविवार को उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर हादसे में छह लोगों ने जान गंवाई है। हालांकि केदारनाथ यात्रा को लेकर सोमवार तक हवाई सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। वहीं उत्तराखंड सरकार जांच भी करवा रही है। इसी बीच जानकारी मिली है कि रविवार को कोलकाता से गाजियाबाद आ रही फ्लाइट को कोलकाता में ही रोक दिया गया। यह यात्री विमान कोलकाता से गाजियाबाद आ रहा था, कोलकाता एयरपोर्ट के टैक्सी वे पर फ्लाइट में टेक्निकल इशू आया था और जिस वजह से फ्लाइट को कोलकाता में ही रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि कोलकाता से आने वाली फ्लाइट गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट आने के बाद गोवा के लिए रवाना होनी थी, इसलिए गोवा वाली फ्लाइट भी कैंसिल कर दी गई। हालांकि इस मामले में एयरपोर्ट के अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, वह कोई भी जानकारी देने से कतराते रहे।




### हिंडन पर सिविल एयरपोर्ट का नहीं है रनवे

करंट क्राइम : कोलकाता से आने वाली फ्लाइट गाजियाबाद एयरपोर्ट आने से पहले ही कैंसिल कर दी गई थी। साथ ही गाजियाबाद से गोवा के लिए रवाना होने वाली फ्लाइट भी इसी टेक्निकल इशू की वजह से कैंसिल हो गई। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद में हिंडन पर सिविल एयरपोर्ट का अपना रनवे नहीं है, यहां एयरफोर्स के रनवे पर ही विमान उतारे जाते हैं। एयरपोर्ट के सूत्र बता रहे हैं कई बार सुरक्षा कारणों से भी फ्लाइट कैंसिल कर दी जाती है। कहा जा रहा है कि रविवार को फ्लाइट कैंसिल होने का इशू टेक्निकल होने की जानकारी मिल रही है।

### सोशल मीडिया पर जमकर मची चर्चा



करंट क्राइम : रविवार को कोलकाता से गाजियाबाद आ रही फ्लाइट कोलकाता में रोके जाने के बाद सोशल मीडिया और कई न्यूज प्लेटफार्म पर गाजियाबाद की फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना जमकर वायरल हुई। इस पर लोग अलग-अलग कॉमेंट कर रहे थे। तो वही लगातार हो रहे विमान हादसों और हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को लेकर भी वह सवाल खड़े कर रहे थे। बता दें कि बीते कुछ ही दिनों में कई बड़े हादसों में सैकड़ो लोगों ने अपनी जान गंवाई है। जिससे डर और भय का माहौल बन गया है।

# राजनीतिक शिष्टाचार की दिखी एक खूबसूरत तस्वीर

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने लिया चरण स्पर्श कर सपा नेता के पिता से आशीर्वाद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत की अगर मिली जुली तस्वीर देखनी हो तो शहर गाजियाबाद इसकी एक नजीर है। यहां हर दल के नेता हैं, उनमें मतभेद भी हैं, लेकिन बात अगर आपस में सुख और दुख की आएगी तो फिर सबके दिल एक हैं। ये राजनीतिक शिष्टाचार है और गिने-चुने जनप्रतिनिधि इस शिष्टाचार का पालन करते हुए एक सशक्त संदेश समाज को देते हैं।

ये संदेश तब और अधिक मजबूती के साथ जाता है जब सियासी शिष्टाचार का पालन कर रहे उनके साथ उनके समर्थक भी मौजूद हों। क्योंकि एक बड़ा संदेश इसलिये हो जाता है कि समर्थक जिस तरह का व्यवहार करते अपने नेता को देखेंगे वो उसी तरह का व्यवहार सीखेंगे। एक शोकसभा के बाद का ये किस्सा है और यहां शहर विधायक संजीव शर्मा एक मिसाल पेश की।

शहर विधायक संजीव शर्मा एक शोकसभा में पहुंचे थे और शोकसभा का यह कार्यक्रम जिस बैंक्वेट होल में रखा गया था वह बैंक्वेट हॉल समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग का है। संजीव शर्मा यहां पहुंचे और शोकसभा में शामिल हुए। इसके बाद जब शोकसभा समाप्त हुई तो वह जा रहे थे। इस मौके पर करंट क्राइम भी मौजूद था। अचानक शहर विधायक संजीव शर्मा अभिषेक गर्ग के कार्यालय की ओर जाने लगे। करंट क्राइम ने इस नजारे को देखा तो मामले की जांच के लिये साथ चले कि आखिर भाजपा के विधायक समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव कार्यालय में क्या करने जा रहे हैं और संजीव शर्मा जब अभिषेक गर्ग के कार्यालय में पहुंचे तो वहां सामने अभिषेक गर्ग के पिता महेश गर्ग मौजूद थे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने अभिषेक गर्ग के पिता को प्रणाम किया और फिर उनके चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया।

अभिषेक गर्ग के पिता महेश गर्ग ने पहले संजीव शर्मा की ओर देखा और फिर उन्हें पहचाना। इसके बाद उन्होंने पूरे स्नेह के साथ संजीव शर्मा को आशीर्वाद दिया और इतना ही नहीं उन्होंने एक कुर्सी अपने बराबर में लगवाई और वहां संजीव शर्मा को अपने पास बिठाया। इसी बीच अभिषेक गर्ग को पता चला कि शहर विधायक संजीव शर्मा उनके कार्यालय पर आए हैं तो वो भी तुरंत आ गए। यहां संजीव शर्मा अभिषेक गर्ग के साथ बैठे हुए थे। सौहार्द -सम्मान और प्यार का माहौल था। दोनों के समर्थक इस नजारे को देख रहे थे और सत्ता पक्ष वाले समर्थक भी इससे सीख रहे थे कि पक्ष और विपक्ष से अलग एक चीज शिष्टाचार होती है। यहां पर करंट क्राइम ने शहर विधायक संजीव शर्मा को ये याद दिलाया कि अभिषेक गर्ग भी शहर सीट से ही चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, वो कट्टर समाजवादी हैं। यह सुनकर संजीव शर्मा और अभिषेक गर्ग दोनों ही मुस्कराए।

फिर करंट क्राइम ने याद दिलाया कि अभिषेक गर्ग शहर सीट से चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी कर रहे हैं। मगर, इस शिष्टाचार वाली मुलाकात की ये सबसे खास बात थी कि यहां सियासत वाले मौजूद थे और सियासत की कोई बात नहीं हो रही थी। अभिषेक गर्ग ने शहर विधायक संजीव शर्मा की तारीफ की और कहा कि ये अच्छा काम कर रहे हैं। संजीव शर्मा ने भी अभिषेक गर्ग के व्यवहार, उनकी सौम्यता की प्रशंसा की। यहां पर जो एक बड़ा संदेश सियासत के नये लोगों के लिये हैं वो ये है कि चुनाव लड़ो या मत लड़ो, लेकिन आपस में पूरी मोहब्बत के सथ रहो। विचारधाराओं को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन एक-दूसरे के बुजुर्गों का सम्मान करें।

एक दूसरे के परिजनों का सम्मान करें। संबंधों में इतनी मिठास जरूर रखों कि अगर किसी भी मौके पर मिलना हो तो अभिवादन की गुंजाइश रहे। एक-दूसरे का सुख-दुख पूछने की ताकत रखो। राजनीति के साथ-साथ राजनीति के शिष्टाचार का भी पालन करो। रविवार को ये खूबसूरत तस्वीर शहर विधायक संजीव शर्मा ने पेश की।

# जैसे ही कैलाश मानसरोवर के लिए पहला जत्था हुआ रवाना

## वैसे ही उदय कौशिक ने भी तय कर लिया दुनिया से जाना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जिनके जीवन का उद्देश्य होता है और हमें जो आमतौर पर सामान्य दिख रहा होता है वह उनके लिये असामान्य होता है। वो उसे जीवन का लक्ष्य बनाते हैं और उस सपने को पूरा करने में जुट जाते हैं। एक ऐसे ही शख्स उदय कौशिक थे। उदय कौशिक वह व्यक्ति थे जिन्होंने सबसे पहले यह सपना देखा था कि कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था गाजियाबाद में रुके, यहां उनका स्वागत हो, पूजा-अर्चना हो। इसके लिये उन्होंने एक लंबी लड़ाई लड़ी, सरकारी विभागों में पत्राचार किया और इस बात पर जोर दिया कि कैलाश यात्रियों का जत्था यहां से रवाना हो। उनका ये विचार सरकार तक पहुंचा और फिर ये हुआ कि सरकार आ गई। मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट बना और कैलाश मानसरोवर भवन बनकर तैयार हुआ। जिस दिन कैलाश मानसरोवर भवन तैयार हुआ, उस दिन उसका उद्घाटन करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आए। उद्घाटन के दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ये पता चला कि इस पूरे विचार के पीछे एक व्यक्ति की लंबी लड़ाई है और उनका नाम उदय कौशिक है। उनके जज्बे की वजह से ये भवन तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री ने जब यह सुना तो उन्होंने कहा कि यहां स्थापित होने वाले मंदिर की जिम्मेदारी उदय कौशिक को दी जाए। इसके बाद से ही उदय कौशिक कैलाश मानसरोवर भवन में बने मंदिर की देखरेख कर रहे थे। ये इत्तेफाक रहा कि शनिवार को कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पहला जत्था कौशांबी के कैलाश मानसरोवर भवन में आया। जिस समय यह जत्था पहुंचा तो उदय कौशिक भी वहीं थे। ऐसा लग रहा था कि जैसे उदय कौशिक के जीवन का लक्ष्य पूरा हो गया। पहला जत्था रवाना होते ही ये लगा कि अब शायद उदय कौशिक भी कैलाश मानसरोवर भवन के साथ ही अनंत लोक की यात्रा पर रवाना होना चाहते हैं।





शनिवार की सुबह कैलाश मानसरोवर यात्रियों के जत्थे को उदय कौशिक ने विदाई दी और शनिवार की रात को लगभग आठ बजे उनकी तबीयत खराब हुई। उदय कौशिक कौशांबी के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया और रविवार की सुबह नौ बजे उदय कौशिक भी नश्वर शरीर को त्यागकर अनंत की यात्रा के लिये रवाना हो गए। ये एक संयोग रहा कि सुबह सात बजे जत्था रवाना हुआ और रात के नौ बजे कैलाश मानसरोवर भवन के पुजारी ने नश्वर शरीर त्याग दिया। ऐसा लग रहा है कि जैसे वो इसी पल का इंतजार कर रहे थे। पांच साल पहले कैलाश मानसरोवर भवन का उद्घाटन हुआ था और तब से अब तक कोई जत्था यहां से रवाना नहीं हो पाया था।

शनिवार को जब पहला जत्था रवाना हुआ तो उदय कौशिक ने मानों ईश्वर का धन्यवाद किया और उन्हें लगा कि जीवन का उद्देश्य पूरा हो गया और फिर उन्होंने भी इस दुनिया से विदा ले ली। शहर विधायक संजीव शर्मा ने उदय कौशिक के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उदय कौशिक ने पांच वर्ष तक कैलाश मानसरोवर भवन में पूजा-अर्चना की और वो ईश्वर में लीन हो गए।

## संपादकीय

# 12 करोड़ से ज्यादा लोग बेघर

आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगह ठिकाना तलाशने की मजबूरी जीवन की डगर को और कठिन बना देती है। ऐसे लोगों के पास विस्थापन का दर्द झेलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। यह किसी एक देश की बात नहीं है, बल्कि दुनिया भर में विभिन्न कारणों से विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में जबरन विस्थापितों का आंकड़ा 12.2 करोड़ से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक है और बीते दशक की अपेक्षा लगभग दोगुना है। संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि लोगों के विस्थापन के लिए युद्ध, आंतरिक हिंसा और उत्पीड़न मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में दुनिया में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर आमने-सामने का युद्ध हो रहा है, वह है रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास। रूस और यूक्रेन के बीच तो लंबे समय से संघर्ष चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। निकट भविष्य में इस युद्ध का अंत होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं। इस कारण यूक्रेन में 88 लाख लोगों को अपना घर-बार व जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा है। वहीं, इजराइल-हमास के बीच युद्ध में ईरान का हस्तक्षेप भी किसी से छिपा नहीं है। दूसरी ओर, सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है।

रपट के मुताबिक, आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह सीरिया के 1.35 करोड़ विस्थापितों से अधिक हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में एक करोड़ से अधिक लोगों को जबरन विस्थापित किया गया है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत में वर्ष 2024 में हिंसा के कारण 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 में विस्थापित लोगों की संख्या से कम हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत में इस मामले में भविष्य में और सुधार होगा।

विस्थापन का एक पहलू यह भी है कि इन लोगों को खाद्य संकट और कुपोषण का भी शिकार होना पड़ रहा है। विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की रपट के अनुसार, दुनिया भर में कुल विस्थापितों में से 9.5 करोड़ ऐसे देशों में रह रहे हैं, जहां पहले से ही खाद्य संकट गहराया हुआ है।

# सुपरटेक के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

## 126 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बिल्डर सुपरटेक लिमिटेड और इसके प्रमोटर आरके अरोड़ा के खिलाफ 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। यह केस आईडीबीआई बैंक की शिकायत पर दर्ज किया गया। सीबीआई ने तलाशी अभियान चला कर इस मामले में शामिल लोगों के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की।

सीबीआई ने नोएडा स्थित कंस्ट्रक्शन कंपनी सुपरटेक लिमिटेड और इसके प्रवर्तक आरके अरोड़ा समेत अन्य के खिलाफ 126.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। सीबीआई की एफआईआर में आरके अरोड़ा के साथ-साथ कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक संगीता अरोड़ा, मोहित अरोड़ा, पारुल अरोड़ा, विकास कंसल, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा और अनिल कुमार जैन के नाम भी शामिल हैं।




### सीबीआई ने की छापेमारी

शनिवार को सीबीआई ने नोएडा और गाजियाबाद स्थित आरोपियों के आधिकारिक और आवासीय परिसरों सहित पांच स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया था। सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, छापेमारी के दौरान एजेंसी ने 28.5 लाख रुपए की नकद बरामद किए हैं।

### आईडीबीआई बैंक ने की थी शिकायत

यह मामला आईडीबीआई बैंक की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने मिलीभगत करके स्वीकृत ऋण राशि को धोखाधड़ी के जरिये हड़प लिए हैं। एफआईआर के अनुसार, बैंक का कहना है कि कंपनी और उसके निदेशकों ने झूठे दस्तावेजों के माध्यम से ऋण लिया था। इसके बाद ऋण खाते को जानबूझकर डिफॉल्ट घोषित कर दिया गया और उसे धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा गया। जिससे आईडीबीआई बैंक को कुल 126.07 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# होंडा के डब्लयूआरवी ट्रेडमार्क से टकराव के मामले में यामाहा को हाईकोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** जापानी ऑटो कंपनी यामाहा को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ट्रेडमार्क 'WR' को लेकर रजिस्ट्रार द्वारा दिए गए इनकार के आदेश को रद्द कर दिया और मामले की दोबारा सुनवाई के निर्देश दिए हैं।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्रार के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसमें यामाहा की ट्रेडमार्क की अर्जी को खारिज किया गया था। कोर्ट ने कहा कि भले ही में भ्रम की आशंका हो सकती है, लेकिन रजिस्ट्रार को पहले सार्वजनिक आपत्तियों के लिए आवेदन का विज्ञापन देना चाहिए था। जस्टिस मनीष पितले ने 13 जून को दिए अपने आदेश में कहा कि रजिस्ट्रार ने अपने संक्षिप्त आदेश में यामाहा की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को पूरी तरह नजरअंदाज किया। कंपनी 1990 से ट्रेडमार्क का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपयोग कर रही है। यामाहा ने 2018 में भारत में WR नामक बाइक रेंज लॉन्च करने की योजना के तहत ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन की अर्जी दी थी। लेकिन रजिस्ट्रार ने मई 2021 में इसे खारिज कर दिया। उनका कहना था कि होंडा का पहले से ही क्लास 12 (वाहन श्रेणी) में पंजीकृत है, जिससे भ्रम की स्थिति बन सकती है।



### यामाहा ने दी ये दलीलें

यामाहा का कहना था कि WR केवल बाइक और थ्री-व्हीलर से संबंधित है जबकि WR-V होंडा की कार है। दोनों ट्रेडमार्क कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक साथ सह-अस्तित्व में हैं। कंपनी 131 देशों में WR ब्रांड के प्रोडक्ट बेच चुकी है और वर्तमान में 62 देशों में बिक्री कर रही है।

# 'अमेरिका की आव्रजन नीतियां ठीक नहीं हैं', जेपी मॉर्गन चेस के सीईओ ने ट्रंप सरकार की आलोचना की



**नई दिल्ली।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने ट्रंप प्रशासन की आलोचना करते हुए कहा कि आव्रजन योग्यता आधारित होना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। गौरतलब है कि अमेरिका में इन दिनों आव्रजन मुद्दा गर्म है और आव्रजन को लेकर अमेरिका के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन भी हुए।

### 'लोग अमेरिका आना चाहते हैं'

पिछले सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में आयोजित एक कार्यक्रम में जेमी डिमन ने कहा कि 'अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य इसलिए नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य इसलिए है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, हम दुनिया का सबसे समृद्ध देश हैं, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था हैं, हमारे पास सबसे अच्छी तकनीक है, उस तकनीक की जड़ें हैं, हमारे पास आजादी है। यही चीजें लोगों को यहां लेकर आती हैं।' डिमन ने कहा कि 'अमेरिका की भूमिका अपरिहार्य है। वह भूमिका आर्थिक, सैन्य, शिक्षा आधारित है। इससे लोगों को यहां आने, यहां रहने की इच्छा होती है, जो हमें अधिक योग्यता-आधारित होने की अनुमति देती है, हमें यही करना चाहिए। यही सबसे अहम बात है।'

### डिमन ने बताया नीतियां ठीक से नहीं हो रहीं लागू

डिमन ने याद करते हुए कहा कि उनके दादा-दादी ग्रीक से अमेरिका आए थे, जो कभी हाई स्कूल नहीं गए। डिमन ने कहा कि 'उनके पास नीतियों की एक सूची है, जो अमेरिका ने अच्छी तरह से नहीं की।' उन्होंने कहा, 'हमारी मोर्गेज नीतियां ठीक नहीं हैं। हमारी आव्रजन नीति ठीक नहीं है। हम किफायती आवास देने में अच्छा नहीं कर रहे हैं। हम युवाओं को कार्य कौशल भी अच्छे से नहीं सिखा पाते।' डिमन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब ट्रंप प्रशासन अप्रवासियों के खिलाफ सख्ती कर रहा है। अवैध अप्रवासियों को जबरन गिरफ्तार कर निर्वासित किया जा रहा है। इसे लेकर लॉस एंजिलिस में बीते हफ्ते दंगा भी हुआ था।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का बाजार पूंजीकरण 1.65 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली।** बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट टीसीएस की बाजार हैसियत 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।



## रोचक तथ्यों का करंट

- सुनील दत्त सुवे नायक से कहीं ज्यादा थे, वह काफी बड़े बॉलीवुड खलनायक थे! इस अभिनेता ने अपने करियर में 20 फिल्मों में एक डाकू की भूमिका निभाई थी।
- ऋतिक रोशन फिल्म स्वदेस में मोहन की भूमिका के लिए पहले अभिनेता थे। लेकिन उनके इसे अस्वीकार करने के बाद, शाहरुख ने इसे उठा लिया और इसे प्रतीक बना दिया।
- राज कपूर अंधविश्वासपूर्ण थे और फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' (1978) की रिलीज से पहले मांसाहारी भोजन खाने के साथ-साथ पीने से भी परहेज कर लिया था।
- राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' पहली हिंदी फिल्म थी जिसमें एक नहीं बल्कि दो अंतराल थे!
- आपको जानकर हैरानी होगी की, श्रीदेवी केवल 13 वर्ष की उम्र में थीं जब उन्होंने रजनीकांत की सौतेली माँ का किरदार फिल्म 'मोंड्रू मुडिचु' नामक एक तमिल फिल्म में निभाया था।
- लता मंगेशकर का गीत 'ऐ मलिक तेरे बंदे हम' फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' (1957) जो वसंत देसाई की मूल रचना थी, को एक पाक स्कूल द्वारा स्कूल गान के रूप में स्वीकृत किया गया था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : एक टोकरी में 10 आम है , उसमें से २ आम सड़ गए , बताओ कितने आम बचे ?
संजू : सर , 10 आम
टीचर : वो कैसे ?
संजू : सड़ने के बाद भी आम तो आम ही रहेगा ना , केले तो बन नहीं जायेंगे ?
आज संजू एक वकील है

टीचर :- क्लास में लड़ाई क्यों नही करनी चाहिए..?
संजू :-क्योंकि पता नही एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाये..!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 16 06 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


अंजलि
अभिनेत्री


जीविका मुद्गल



संगीता रानी


संयम गर्ग


जसमीत सिंह



मनीष भारद्वाज


मनोज पंडित


राजेश शर्मा


निकुंज त्यागी


पंकज शर्मा


मोहित


रमाकांत शर्मा


महेश कश्यप


धीरेन्द्र कम्बोज


प्रिंस राठौड़


लक्ष्मण शर्मा


मनोज शर्मा


विकास कुमार


शिवम सिंह


निशांत शुक्ला


शुभम सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 60 फीसदी से अधिक पदों पर पिछड़े दलित व अल्पसंख्यकों को हिस्सेदारी देगी कांग्रेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अगले विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लिए ओबीसी वोट महत्वपूर्ण फैक्टर होगा। ओबीसी वोट को अपनी ओर करने के लिए सभी दलों ने एडी चोटी का जोर लगा दिया है। कांग्रेस ओबीसी समाज तक अपनी नीति और कार्यक्रमों की जानकारी देने और उन्हें पार्टी के साथ जोडने के लिए न्याय भागीदारी अभियान शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश के हर जिले में न्याय भागीदारी सम्मेलन और यात्राएं निकाली जाएगी।




इस अभियान का आगाज शनिवार को प्रदेश की राजधानी लखनउ में किया गया। आने वाले समय में इस अभियान के तहत कांग्रेस बूथ और ब्लॉक लेवल पर ओबीसी समाज से संपर्क कर सत्ता और संगठन में उनकी भागेदारी के बारे में जागरूक करेगी। उत्तर प्रदेश में ओबीसी समाज के करीब 40 प्रतिशत वोट है। भाजपा ने पिछले तीन चुनावों में ओबीसी वोट को अपनी ओर करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसका लाभ भाजपा को मिल रहा है। वहीं, पिछली लोकसभा चुनाव में सपा ने पीडीए के जरिए ओबीसी समाज को अपनी ओर करने का अभियान चलाया। सपा को भी इसका लाभ मिला। अब कांग्रेस की ओर से ओबीसी समाज को लेकर न्याय भागीदारी अभियान शुरू करने से ओबीसी समाज की राजनीति में दिलचस्प मोड आने वाला है।

शनिवार को लखनउ में हुए सम्मेलन में बडी संख्या में ओबीसी समाज से बडी संख्या में लोग उपस्थित थे। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित भागीदारी न्याय महासम्मेलन में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति को हिस्सेदारी दिलाने के लिए तत्पर है। भाजपा शासनकाल में ओबीसी, दलित, आदिवासी व अल्पसंख्यकों को भागेदारी नहीं मिल रही है। आरक्षण की सीमा तय होने से ओबीसी और अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिल रहा है। संवैधानिक संस्थाओं के हिस्सेदारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में ओबीसी समाज को भागेदारी दिलाने का संकल्प लिया गया है। इसी के तहत प्रदेश में न्याय भागेदारी अभियान चलाया जा रहा है। प्रदेश के सभी जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी की ओर से संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 90 दिनों में बूथ और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत कर लिया जाएगा।

संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। 60 फीसदी से अधिक पदों पर पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को हिस्सेदारी दी जाएगी। महासम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महासम्मेलन शुरू होने के कुछ समय पश्चात इसमें शामिल हुए।

# केविन पीटरसन ने एडेन मार्करम की तारीफ में पढ़े कसीदे

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में शानदार पारी खेलने वाले एडेन मार्करम को जमकर सराहा है। पीटरसन ने मार्करम की पारी को टेस्ट मैचों में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी करार दिया है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम ने दूसरी पारी में 136 रन बनाए और टीम की जीत में अहम योगदान दिया।



27 साल का सूखा समाप्त किया दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी का खिताब अपने नाम किया। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी ट्रॉफी जीतने का अपना 27 साल का सूखा समाप्त कर लिया। टीम ने आखिरी बार 1998 में नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस) का खिताब अपने नाम किया था। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 285 रन बनाकर जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका का टेस्ट में यह तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज है। पीटरसन ने कहा, संभवतः टेस्ट मैच क्रिकेट में किसी भी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा खेली गई सर्वश्रेष्ठ पारी। अगर आप दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट इतिहास को देखें तो यह शायद सबसे आक्रामक या मनोरंजक पारी नहीं कही जाएगी। लेकिन जब आप उम्मीद, मंच और पहली पारी में विफल होने के बाद के दबाव को ध्यान में रखते हैं, तो यह असाधारण था। चाहे आप बल्लेबाज हों या गेंदबाज जब आपका देश आप पर भरोसा कर रहा हो और आपको अच्छा प्रदर्शन करना हो तो यह दबाव बहुत अधिक होता है।

दक्षिण अफ्रीकी मूल के पीटरसन ने कहा, मार्करम ने रेयान रिकेल्टन के जल्दी आउट होने के बाद शानदार प्रदर्शन किया। यह वर्णन करना भी मुश्किल है कि उन पर किस तरह का दबाव था।

# स्पिनर को पहले मैच में खेलते देखना चाहते हैं अश्विन, प्रबंधन को दी सलाह

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम प्रबंधन से आग्रह किया है कि वे कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग-11 में शामिल करें। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से शुरू होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड की परिस्थितियों में एक से अधिक विशेषज्ञ स्पिनर नहीं उतारती है, लेकिन अश्विन का मानना है कि कुलदीप को शुरूआती टेस्ट में मौका मिलना चाहिए।



**आमतौर पर एक विशेषज्ञ स्पिनर के साथ उतरता है भारत :** आमतौर पर भारतीय टीम इन परिस्थितियों में तीन से चार तेज गेंदबाज और एक विशेषज्ञ स्पिनर के साथ उतरती है क्योंकि इंग्लैंड की पिचें सीम और स्विंग की मददगार होती हैं। अश्विन ने तर्क दिया कि भारत को मैच जीतने के लिए अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की जरूरत है और उनके विचार में कुलदीप एक स्टार गेंदबाज हैं। सीरीज शुरू होने से पहले अश्विन ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट को दिए साक्षात्कार में कहा, जब बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो सबसे अच्छा गेंदबाजी आक्रमण आपको मैच जिता सकता है। अग पिच नमी नहीं छोड़ती है, तो मुझे लगता है कि कुलदीप यादव का खेलना तय है और अगर पिच पर नमी है, तो भी कुलदीप को खेलना चाहिए। 2021 में भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के दौरान टीम ने केवल एक स्पिनर, रवींद्र जडेजा को खिलाया था, जबकि अश्विन को उनके अनुभव के बावजूद बाहर रखा गया था। इस बार अधिक लचीला टीम संयोजन दिख सकता है। जडेजा के ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करने की संभावना है और नितीश रेड्डी या शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडरों की मौजूदगी से कुलदीप के लिए जगह बन सकती है। टेस्ट में सीमित मौके मिलने के बावजूद कुलदीप नियमित रूप से विकेट लेने में सफल रहे हैं। कुलदीप सिर्फ 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए मैच में विकेट नहीं ले सके थे।

अश्विन भारत की मौजूदा गेंदबाजी इकाई और इंग्लैंड की परिस्थितियों में उनकी संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि वे कहीं भी सफल होने में सक्षम हैं। अश्विन ने कहा, जसप्रीत बुमराह को नंबर 1 पर होना चाहिए, साथ ही रवींद्र जडेजा को भी, जो नियंत्रण प्रदान करते हैं और शीर्ष पांच या छह में बल्लेबाजी कर सकते हैं। यह गेंदबाजी आक्रमण किसी भी स्थिति में किसी भी बल्लेबाजी लाइनअप को ध्वस्त कर सकता है। मोहम्मद सिराज को भी नहीं भूलना चाहिए।

# बीसीसीआई ने किया रणजी प्रारूप में बदलाव, एक टीम को प्रमोट और एक को रेलीगेट किया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला किया कि 2025-26 रणजी ट्रॉफी 15 अक्तूबर से 28 फरवरी तक दो चरणों में एक संशोधित प्रारूप के साथ आयोजित की जाएगी, जिसमें मौजूदा दो टीमों के बजाय प्लेट समूह से एक टीम को रेलीगेट और एक को प्रमोट किया जायेगा।



एक टीम को किया जाएगा प्रमोट बीसीसीआई ने 2018-19 में रणजी ट्रॉफी में नौ टीमों को शामिल किया था। इसमें उत्तर पूर्व की टीम भी शामिल है। इससे हालांकि इस प्रतियोगिता में क्रिकेट की गुणवत्ता प्रभावित हुई। मेघालय रणजी ट्रॉफी के पिछले सत्र में एलीट डिवीजन में खेला, लेकिन उसे सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। बीसीसीआई के एक दस्तावेज में कहा गया, 'सभी बहु-दिवसीय पुरुष टूनार्मेंट (सीनियर और जूनियर) में 2026-27 सत्र से एक टीम को प्रमोट किया जाएगा और एक टीम को रेलीगेट किया जाएगा।'

**अक्तूबर में होगा रणजी ट्रॉफी केपहले चरण का आगाजः** लाल गेंद क्रिकेट के प्रारूप में बदलाव सभी आयु समूहों के बीसीसीआई टूनार्मेंटों पर लागू होगा। रणजी ट्रॉफी का पहला चरण 15 अक्तूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा जबकि दूसरा चरण 22 जनवरी से एक फरवरी तक चलेगा। नॉकआउट छह से 28 फरवरी तक खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी की क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी हो गयी है। और यह सत्र का पहला टूनार्मेंट होगा। इसका आयोजन 28 अगस्त से 15 सितंबर तक होगा। बीसीसीआई ने कहा, 'टीम का चयन क्षेत्रीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।'

### प्लेट डिवीजन को शामिल किया गया

ईरानी कप एक से पांच अक्तूबर तक खेला जायेगा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (राष्ट्रीय टी20 प्रतियोगिता) सहित सभी एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में प्लेट डिवीजन को फिर से शामिल किया गया है। पिछले सत्र तक नॉकआउट चरण में टीमें क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेलती थी, लेकिन इस सत्र से शीर्ष टीमों को सुपर लीग में तीन अतिरिक्त मैच मिलेंगे। ग्रुप ए और बी की शीर्ष टीम फाइनल में भिड़ेंगी। पिछले सत्र की सबसे निचली छह टीमें प्लेट ग्रुप का हिस्सा होंगी।

# इंग्लैंड सीरीज से पहले गिल बोले- मुझ पर गंभीर-अगरकर का दबाव नहीं, भविष्य की रणनीति पर भी रखी राय

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि कप्तान के तौर पर उनके पहले दौरे को लेकर उन पर मुख्य कोच गौतम गंभीर या मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कोई दबाव नहीं है।



**गिल को रोहित शर्मा की जगह लाल गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया था। गिल इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से भारतीय टीम की कप्तानी का जिम्मा संभालेंगे**

### गिल होने- कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी

दिनेश कार्तिक के साथ विशेष बातचीत में गिल ने कहा कि कप्तानी संभालना बड़ी जिम्मेदारी है और उन्हें गंभीर तथा अगरकर की ओर से पूरी आजादी दी गई है जिससे वह लीडर के तौर पर उभर सकें। भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि उन्हें खुद से उम्मीदें हैं, लेकिन मुख्य कोच या अगरकर की ओर से उन पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है।

गिल ने कहा, उम्मीदों के बारे में मैंने गंभीर भाई और अजीत भाई से कई बार बात की है। वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक लीडर के तौर पर खुद को अभिव्यक्त कर सकूं। यही उन्होंने मुझसे कहा है कि 'कोई उम्मीद नहीं है'। वे मुझसे ऐसा कुछ करने की उम्मीद नहीं कर रहे हैं जिसके लिए मैं सक्षम नहीं हूं। उस संदर्भ में, मुझे नहीं लगता कि उनसे कोई उम्मीद या दबाव है, लेकिन एक लीडर और एक खिलाड़ी के तौर पर आपको खुद से कुछ उम्मीदें जरूर होती हैं। इसलिए ये वो उम्मीदें हैं जो मुझे खुद से हैं, लेकिन इन दोनों का कोई दबाव नहीं है।

टेस्ट कप्तान के तौर पर क्या है गिल का लक्ष्य गिल ने कहा कि भारतीय टीम के साथ खिताब जीतने के अलावा वह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं जहां खिलाड़ी काफी सुरक्षित और खुश महसूस करें। उन्होंने कहा, सभी ट्रॉफियों के अलावा, मैं आदर्श रूप से एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करना चाहूंगा जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश हो। मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल माहौल हो सकता है, खासकर सभी प्रतियोगिता या जितने मैच हम खेलते हैं और अलग-अलग टीमें आती हैं, लेकिन अगर मैं ऐसा करने में सक्षम हूं।

# स्टांप विक्रेता के साथ लूट के आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** टीला मोड़ पुलिस ने देर रात एनकाउंटर में दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। पुलिस ने दोनों के पैर में गोली मारी है। दोनों के पास से लूटे हुए 7. 5 लाख रुपए, एक स्कॉर्पियो, पिस्टल बरामद किए गए हैं। 10 जून को टीला मोड़ क्षेत्र में स्टांप विक्रेता के साथ लूट की थी। इंस्पेक्टर ने गाड़ी लगाकर की घेराबंदी फर्रूखनगर रोड़ पर पीपल तिराहे के पास थाना टीलामोड़ इंस्पेक्टर करतार सिंह रात में पुलिस फोर्स के साथ चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान टीलामोड़ की तरफ से तेजी से आ रही काले रंग की स्कॉर्पियो कार को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया तो स्कॉर्पियो चालक द्वारा स्कॉर्पियो को बायी ओर राजपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास किया।



पुलिस द्वारा रूकने का इशारा किया गया और न रुकने पर पुलिस ने स्कॉर्पियो का पीछा किया। इस बीच स्कॉर्पियो चालक ने गाड़ी को जंगल की ओर मोड़ दिया, लेकिन आगे रास्ता बन्द होने के कारण चालक ने स्कार्पियो को रोक दिया।

पुलिस से घिरता देखकर स्कॉर्पियो सवार दोनों बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पैर में गोली मारी पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल होकर जमीन पर गिर गये, दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम अंकित पुत्र राजू निवासी घिटौरा थाना खेकडा जिला बागपत, दूसरे ने अपना नाम कार्तिक पुत्र संजय निवासी घिटौरा थाना खेकडा जिला बागपत बताया गया।

जिनके पास से .32 बोर की 1 पिस्टल, 4 कारतूस, एक स्कॉर्पियो कार, लूट के 7.50 लाख रुपए बरामद किए। 10 जून को ओक्सी होम सोसाइटी के सामने सड़क पर थाना क्षेत्र टीलामोड़ में स्टाम्प विक्रेता के साथ लूट की घटना अंजाम दी थी।

# एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे, सचिन ने उठाई पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांग

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी की विरासत को खत्म नहीं किया जा सकता है। इसलिए उन्होंने पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांग की है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होगा। पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा।



तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के नाम से जानी जाएगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज का नाम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी रखा जाएगा।इससे पहले दोनों टीमों के बीच खेली जाने वाली यह सीरीज पदौटी ट्रॉफी के नाम से जानी जाती थी। इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि वे ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं। हालांकि, अब पूर्व महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने मांग की है पटौदी की विरासत को खत्म नहीं करना चाहिए।

**सचिन ने उठाई पटौदी की विरासत को बरकरार रखने की मांगः** क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सचिन तेंदुलकर के अनुरोध के बाद इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का मन बदल गया है। सचिन का मानना है कि पटौदी की विरासत को इस तरह खत्म नहीं किया जा सकता। इसे बरकरार रखने के लिए उन्होंने

### फैंस खुश

बीसीसीआई और ईसीबी के अधिकारियों से बात की है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि, ईसीबी अधिकारी ने इस निर्णय की पुष्टि की है कि पटौदी की विरासत बरकरार रहेगी। अधिकारी ने कहा- 'हां, इंग्लैंड-भारत सीरीज में पटौदी लिंक को बनाए रखने की एक पुष्ट योजना है।' माना जा रहा है कि दिवंगत एमएके पटौदी के नाम पर एक पदक का नाम रखा जा सकता है, जो सीरीज जीतने वाली टीम के कप्तान को दिया जाएगा। वहीं, सचिन तेंदुलकर के इस फैसले से प्रशंसक भी काफी खुश हैं। सोशल मीडिया पर वह इसकी जमकर सराहना कर रहे हैं।

# सरफराज खान ने इंट्रा स्क्वाड मैच में जड़ा शतक दूसरे दिन बुमराह को नहीं मिल सका विकेट

**कैंट।** भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान ने इंट्रा स्क्वाड मैच के दूसरे दिन सीनियर भारतीय टीम के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते हुए शतक लगाया। सरफराज ने 76 गेंदों पर 101 रन बनाए, जबकि स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर तक गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिल सका। ये इंट्रा स्क्वाड मैच कैंट में खेला जा रहा है जो इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस मैच को दर्शकों की अनुपस्थिति में खेला जा रहा है और इसका लाइव प्रसारण भी नहीं हो रहा है।



सरफराज हुए रिटायर आउट सीनियर भारतीय टीम ने 459 रन बनाए थे, जवाब में भारत ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक छह विकेट पर 299 रन बनाए। ईशान किशन 45 और शार्दुल ठाकुर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। हालांकि, सरफराज ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया और अपनी पारी में 15 चौके और दो छक्के लगाए। वह बाद में दूसरे बल्लेबाजों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गए।

गायकवाड़ शून्य पर आउट, ईश्वरन-सुदर्शन ने संभाला इंग्लिश परिस्थितियों में सरफराज का शतक काफी महत्वपूर्ण है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनौपचारिक टेस्ट मैच में 92 रनों की पारी खेली थी। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा। इससे पहले, भारत ए ने ऋतुराज गायकवाड़ का विकेट जल्द गंवाया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। गायकवाड़ दो गेंद खेल खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद अभिमन्यु ईश्वरन (39) और साई सुदर्शन (38) ने टीम को संभाला।

### सिराज-प्रसिद्ध की शानदार गेंदबाजी

भारतीय गेंदबाजों में सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अच्छी गेंदबाजी की। सिराज ने 86 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध को 41 रन देकर दो विकेट मिले। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी को एक विकेट मिला।

# नम आंखों से दी गई स्व. अनिमेष राज गर्ग को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्व. अतुल गर्ग के सुपुत्र तथा महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद के छोटे दामाद अनिमेष राज गर्ग निधन 10 जून को हो गया था। रविवार को उनकी आत्मा की शांति के लिये श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इंपीरियल फार्म हाउस में आयोजित शोकसभा में राजनीतिक, समाजसेवा व्यापार मंडलों के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने अनिमेष राज गर्ग के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# यशोदा हॉस्पिटल संजय नगर में लगाया चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 15 जून 2025 को यशोदा हॉस्पिटल, संजय नगर, गाज़ियाबाद ने फ्री मेगा हेल्थ कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसे स्थानीय समुदाय से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक चले इस शिविर में गाज़ियाबाद और आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया और पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

इस शिविर का उद्देश्य प्रारंभिक जांच, निवारक देखभाल और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। इसमें व्यापक डायग्नोस्टिक टेस्ट किए गए, जिनमें पीएफटी, पीएसए, शुगर टेस्ट, यूरिक एसिड और कोलेस्ट्रॉल टेस्ट शामिल थे। ये सभी परीक्षण गैर-संचारी रोगों की समय रहते पहचान के लिए बेहद आवश्यक हैं। महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिविर में पैप स्मीयर और मैमोग्राफी जैसे महत्वपूर्ण परीक्षण भी किए गए, जो गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच में सहायक होते हैं।

इसके अलावा, हेपेटाइटिस बी और सी के साथ-साथ आंखों और दांतों की जांच भी अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की गई। शिविर में फिजिशियन, पीडियाट्रिशियन, गायनोकोलॉजिस्ट और यूरोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया, जिससे हर आयु वर्ग के लोगों को उचित मार्गदर्शन और चिकित्सा सहायता प्राप्त हुई। इस आयोजन की सफलता यशोदा हॉस्पिटल की समाज सेवा और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जो 'मानवता की सेवा' के अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित है।

# संगठन सर्जन ने दी अहमदाबाद के पीड़ितों को श्रद्धांजलि और कैंडल मार्च आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विवेकानंद नगर में 14 जून को संगठन सर्जन की ओर से एक विशेष बैठक एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अहमदाबाद में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे में पीड़ित हुए नागरिकों के प्रति संवेदना प्रकट करना एवं उनके लिए न्याय की माँग करना था। बैठक में संगठन की प्रमुख सदस्या अनिता जी की अध्यक्षता में अहम विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही पीड़ितों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक उपरांत कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन की महानगर अध्यक्षा अधिवक्ता खुशनुमा जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम उनके मार्गदर्शन में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।



इस अवसर पर पूजा चड्ढा जी ने कहा, यह सिर्फ एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि हमारी एकजुटता और संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है। जब भी कोई समाज पीड़ा से गुजरता है, तब हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि उनके साथ खड़े हों। संगठन ने प्रशासन से माँग की कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिले और भविष्य में ऐसे हादसे न हों इसके लिए कड़े कदम उठाए जाएं। इसमें मुख्य रूप से शामिल हुई नीलम भारद्वाज, अंजलि शिशोदिया, प्रीती उपाध्याय, मुस्कान सिंह, पिंकी, राधा, नेहा गुप्ता, चंदा, तारा, किरण अहिरवार, अंजू, दीपा, ज्योति आदि लोग उपस्थित हुए।

# वार्ड नंबर 17 में भाजपा के 11 साल की उपलब्धियां पर कार्यक्रम आयोजित

## कार्यक्रम के अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान वाल्मीकि रहे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर मंडल गाजियाबाद में वार्ड नंबर 17 के हिंडन विहार क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 साल की उपलब्धियां का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 11 साल बेमिसाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष सिंह गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में प्रस्तुत रहे। मंच पर कार्यक्रम की महानगर संयोजक रानीता सिंह रघुवंशी, शहर मंडल की यशस्वी प्रभारी मोनिका पंडित, पार्षद जय किशन पाल, पार्षद शीतल चौधरी, पूर्व पार्षद राकेश त्यागी, पूर्व पार्षद राकेश पंडित, भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री पूर्व राजेश शर्मा, डॉक्टर ओपी अग्रवाल, महामंत्री कलवा कश्यप, महामंत्री गजराज जाटव, अनिल जिंदल, वंदना पांडे, प्रेमलता करी, मीना गांधी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के महामंत्री कलवा कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान वाल्मीकि उपस्थित रहे।

### दुनिया में भारत का डंका बज रहा है : सिंह गोस्वामी

**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सुशासन प्रमुख तरुण शर्मा विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोस्वामी ने कहा कि 11 साल बेमिसाल आपको गर्व होना चाहिए कि आपका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपको गर्व होना चाहिए कि हम योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में रहते हैं। उनके दल में काम करते हैं। दुनिया के लोगों से आंख मिलाकर बताइएगा कि हमने और हमारे प्रधानमंत्री ने पिछले 11 सालों में ऐतिहासिक कम कर कर दुनिया को दिखाए हैं। भारत की छवि आज दुनिया के नक्शे पर सम्मान की दृष्टि से देखी जाती है। आज दुनिया के देशों में भारत के प्रधानमंत्री का डंका बजना रहा है।

# लोगों के विरोध के बाद नगर निगम ने रोका टाइल्स लगाने का काम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्थानीय लोगों के विरोध के बाद नगर निगम ने वार्ड-9 में टाइल्स लगाने के काम को फिलहाल रोक दिया है। नए बस अड्डे पेलिकन होटल से छबीलदास स्कूल होते हुए लाल चौक तक सडक के दोनों ओर इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाई जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम की ओर से सडक के दोनों ओर करीब दस मीटर तक इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाई जा रही थी, जबकि एनजीटी के आदेश के अनुसार एक मीटर से ज्यादा टाइल्स नहीं लगाई जा सकती है। लोगों के विरोध के बाद नगर निगम ने फिलहाल टाइल्स लगाने के काम को रोक दिया है। स्थानीय निवासी पंकज शर्मा का कहना है कि नगर निगम नाले-नालियों को साफ नहीं कर रहा है। पानी की लाइन को सही करने की दिशा में कोई काम नहीं किया जा रहा है। सीवर लाइन पूरी तरह चोक है लेकिन सडकों के किनारे टाइल्स लगाई जा रही है। एनजीटी के नियम के अनुसार, सडक के दोनों किनारों पर एक मीटर तक ही टाइल्स लगाई जा सकती है लेकिन इस रोड पर नगर निगम की ओर से दस से बीस मीटत तक टाइल्स लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छबील दास स्कूल के सामने की सडक नीचे होने के कारण अक्सर हल्की बारिश में ही जलजमाव हो जाता है। नगर निगम को कई बार पत्र लिखकर सडक को उंचा करने की गुजारिश की गई लेकिन नगर निगम की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बल्कि स्कूल के सामने के हिस्से में इंटललॉकिंग टाइल्स लगाई जा रही है। इससे जलभराव की समस्या और ज्यादा गहरा जाएगी। लोगों का कहना है कि नगर निगम अच्छी खासी सडक के दोनों ओर इंटर लॉकिंग टाइल्स लगाकर सडक को खराब किया जा रहा था।

पंकज शर्मा ने कहा कि एनजीटी के आदेश के बाद भी अधिकारियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की क्या जरूरत पडी है? इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 एमएम की है। आतंरिक सडकों पर जहा 40 या 50 टन का लोड नहीं चल पाता है वहां 80 एमएम की टाइल्स लगाई जा रही है। अचानक 80 एमएम की टाइल्स लगाने के पीछे भ्रष्टाचार की बू आ रही है।





# क्या जल्द मिलेगा कई थ्री-स्टार को चांस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सुनने में आया है कि कमिश्नरेट में थ्री-स्टारों को बड़ी लिस्ट का वेट है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बीते 2 महीने के दौरान दो छोटी लिस्ट आई है। जिन लिस्ट में कुल तीन थ्री-स्टार और एक टू-स्टार का भला हुआ है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में उन थ्री-स्टार के बीच अटेंशन बढ़ी हुई है, जो खुद को थानों के दावेदार के रूप में देख रहे थे या कहीं ना कहीं वह प्रयास कर रहे थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों आधा दर्जन से अधिक ऐसे भी थ्री-स्टार हैं जो अपनी कहीं ना कहीं दावेदारी पेश कर रहे हैं। तो कहीं ना कहीं वह अंदर खान अपने प्रयास भी कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि बीती दो लिस्ट में कोई बड़ा टविस्ट् नहीं आया है। जिसकी वजह से अब चर्चा शुरू हो गई है कि जल्द ही किन थ्री-स्टारों को चांस मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा प्रमुखता के साथ आई थी कि जिन थानों पर टू-स्टार है उनकी संख्या में भारी गिरावट की जाएगी, पर ऐसा लिस्ट में दिखा नहीं है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई थ्री-स्टार ऐसे हैं जो अपने चांस के वेट में हैं। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इसमें कई ऑफिस से जुड़े हैं। तो कई साइड ऑफिस में लगे हुए हैं। सूत्रों पर भरोसा करें तो दो नाम पहाड़ वालों से ऐसे हैं जो अपनी मजबूत ताल ठोंके हुए हैं। तो तीन मजबूत दावेदारी के मैदान वालों भी पेश कर रखे हैं। देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट में किन थ्री-स्टार का नाम थाने वाली लिस्ट में फाइनल किया जाता है और किनको अभी और वेट करना होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक थ्री-स्टार ने एक के बाद एक दो हाफ एनकाउंटर कर अपनी दावेदारी को और बढ़ा दिया है। तो वहीं सिटी, देहात और नदिया पार वाले इलाके में कई ऐसे भी थ्री-स्टार हैं जिनके जोन में बदलाव देखने को मिल सकता है। तो वहीं सिटी में भी कुछ थ्री-स्टार अपग्रेड किए जाने की जानकारी मिली थी। देखना होगा इसपर मोहर कब लगती है। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी कावड़ यात्रा शुरू होने को लेकर लगभग एक माह का समय है। देखना होगा कि इस एक माह के दौरान लिस्ट कब आती है और किसको मौका मिलता है।



# अहमदाबाद में प्लेन क्रैश में विपक्षियों द्वारा की जा रही बयाबाजी शर्मनाक : अजय गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अहमदाबाद में प्लेन क्रैश होने के बाद 265 लोगों की जान चली गई, लोगों के घर के चिराग बुझ गए, भारत के साथ-साथ पूरा विश्व अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहा है, कहां गए भारत के विपक्षी दलों के नेता, जो इस दुख की घड़ी में चुप्पी सादे बैठे हैं, और घर पर बैठे हुए बयान बाजी कर रहे हैं, कहां गया उनका जमीर, कहां गई संवेदनाएं, उनको इससे कोई मतलब नहीं, बस उन्हें तो सरकार पर कीचड़ उछालना है, किसी को मोदी का इस्तीफा चाहिए, तो किसी को गृहमंत्री का, उनकी बयानबाजी पर भारत माता की आत्माएं रो रही होगी, क्यों नहीं पहुंचा कोई अहमदाबाद शोक प्रकट करने, बस उनका काम है सरकार के ऊपर ठीकरा फोड़ना, देश का बच्चा-बच्चा गमगीन है, ऐसी भयंकर तबाही को देखकर, फेसबुक पर इस भयंकर तबाही को मनोरंजन का साधन बनाना बहुत ही शर्मनाक है, देश का हर नागरिक दुखी है, और प्रभु से प्रार्थना करते हैं, प्लेन क्रैश मैं हताहत होने बालों के परिवारो को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दे, अश्रुमित्र आंखों से हताहत लोगों को नमन करते हैं।

## विकास की राह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने किया राधा कृष्ण सोसाइटी में सड़क निर्माण का भव्य उद्घाटन। इस अवसर पर डी एन कॉल, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, अनिल फोतेदार, राकेश तोमर, गौरव यादव, अरविंद राणा, हर स्वरूप, एमपी यादव, देशराज, सुरेश कसाना, मोहित जैन, अतुल शुक्ला, गरिमा शुक्ला, अनीता राणा, आशा पवार, निशा चौहान, मुनेश कसाना, सुमन सती के साथ मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# साइप्रस पहुंचे पीएम मोदी, लारनाका हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति निकोस ने किया स्वागत

**साइप्रस ।** भारतीय समुदाय ने किया पीएम मोदी का स्वागत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब साइप्रस लिमासोल के एक होटल पहुंचे, तो वहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने 'भारत माता की जय' के नारों के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने उनसे मुलाकात की और बातचीत भी की।

साइप्रस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, लारनाका हवाई अड्डे पर हुआ स्वागत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को साइप्रस पहुंचे। लारनाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोदुलिदेस ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 15-16 जून तक आधिकारिक दौरे पर हैं। यह उनके तीन देशों की यात्रा का हिस्सा है,




जिसमें वे 16-17 जून को कनाडा में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और क्रोएशिया भी जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स पर लिखा, साइप्रस पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर विशेष स्वागत के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह दौरा भारत-साइप्रस संबंधों को, खासकर व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में नई गति देगा। और उनका दौरा तुर्किये के लिए एक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। तुर्किये और साइप्रस में दुश्मनी है और साल 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा

**ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने जिस तरह से खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और साथ ही भारत पर हमले के लिए पाकिस्तान को ड्रोन मुहैया कराए, उससे भारत और तुर्किये के संबंधों में खटास आई है। अब प्रधानमंत्री साइप्रस दौरे पर जा रहे हैं**

तुर्किये के लिए कड़ा संदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों के दौरे पर रविवार को रवाना हो गए। इस दौरे के पहले पड़ाव में पीएम मोदी रविवार को साइप्रस पहुंचेंगे। यह 23 साल में पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला साइप्रस दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे को तुर्किये को संदेश देने के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल तुर्किये पर आरोप है कि उसने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर साल 1974 से कब्जा किया हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया था और पाकिस्तान को अटैक ड्रोन मुहैया कराए थे। द्विपक्षीय संबंधों को फिर से शुरू करने और शांति स्थापित करने का प्रयासग्लोबल इंडियन डायस्पोरा अलायंस के अध्यक्ष एचएस पनेसर ने कहा।

# ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की पहल, अहमदाबाद विमान हादसे में अनाथ बच्चियों की मदद को जुटा रहे फंड

**लंदन।** लंदन में रह रहे भारतीय समुदाय ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के ब्रिटेन स्थित परिवार वालों की सहायता के लिए पैसे जुटाने के लिए एकजुटता दिखाई है। इसमें दो अनाथ बच्चों के लिए तत्काल सहायता भी शामिल है। दुर्घटना के 241 पीड़ितों में से एक अर्जुन पटोलिया अपनी पत्नी भारती की इच्छा पूरी करने के लिए उनकी अस्थियों को विसर्जित करने गुजरात आए थे। उनके दोस्तों और परिवार ने शुक्रवार को उनकी दो बेटियों की आर्थिक सहायता के लिए एक ऑनलाइन 'गो फंड मी' अभियान शुरू किया। पहले दिन ही लक्ष्य का आधे से अधिक धन जुटा लिया है।

अर्जुन की कंपनी इंस्पायर्ड एलिमेंट्स के विनोद खिमजी ने कहा, 18 दिनों में दो छोटी बहनों (चार और आठ साल की) ने माता-पिता को खो दिया। जुटाई गई राशि कानूनी ट्रस्ट में रखी जाएगी या उनकी बेटियों की शिक्षा और अन्य जरूरतों के लिए उनके नियुक्त कानूनी अभिभावकों द्वारा



प्रबंधित किया जाएगा। इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन निवासी अबधी पटेल के परिवार के लिए भी इसी तरह का प्रयास शुरू किया गया है। उनके पति पंकज और आठ वर्षीय बेटे मीर पटेल के मदद के लिए रकम जुटाई गई है।

पीड़ितों की मदद के लिए ब्रिटेन ने अहमदाबाद में खोला सहायता केंद्र भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास सहायता केंद्र खोला है। यह केंद्र ब्रिटिश नागरिकों के परिवारों, दोस्तों को मदद और सलाह देने लिए उम्मेद होटल में स्थापित किया गया है। शनिवार से यह केंद्र रोजाना सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहेगा। ब्रिटिश उच्चायोग ने अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। सरकार जवाबदेही तय करे, पीड़ितों के परिजनों को दे मुआवजाः खरगेकांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को अहमदाबाद सिविल अस्पताल में विमान हादसे के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हाल जाना। अस्पताल के बाहर निकते वक्त खरगे ने पत्रकारों से कहा।

# पीएम मोदी के दौरे से सुधरेंगे कनाडा से रिश्ते
## कार्नी का न्योता प्रतीकात्मक तौर पर शांति प्रस्ताव

**न्यूजर्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रवाना होने से पूर्व प्रवासी भारतीय समुदाय ने उनकी आगामी कनाडा यात्रा का स्वागत किया। साथ ही यह उम्मीद भी जताई है कि यह भारत-कनाडा रिश्तों में सुधार के लिए बेहद अहम साबित होगी। मामले में ग्लोबल इंडियन डायस्पोरा अलायंस के अध्यक्ष एचएस पनेसर ने कहा कि यह मजबूत द्विपक्षीय रिश्तों को फिर से बहाल करने का एक महत्वपूर्ण क्षण है। वहीं कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की तरफ से आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी को प्रवासी भारतीय और वैश्विक पर्यवेक्षक हालिया तनाव दूर करने और रिश्ते सुधारने के एक बड़ा अवसर मान रहे हैं।

व्यापार वार्ता शुरू करने पर बन



सकती है बात

कनाडा के एक वित्तीय रणनीतिकार लुबिमोव किर्क का कहना है कि पीएम मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात ओटावा-नई दिल्ली के बीच रुकी व्यापार वार्ता फिर से शुरू कराने का अवसर बन सकती है। इसके साथ ही ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और आवश्यक खनिजों पर सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बन सकती है।

जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी भागीदारी इसके बाद पीएम मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कनाडा के कानानास्किस की यात्रा करेंगे। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी भागीदारी होगी। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी-7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित आउटरीच देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ वार्ता करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेष रूप से अकएनर्जी नेक्सस और क्वांटम से संबंधित मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा

अपने दौरे के अंतिम चरण में क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे।

# राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, कई शहरों में फैला विरोध प्रदर्शन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन की शुरूआत कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस से हुई थी। अब यह विरोध प्रदर्शन कई शहरों तक फैल चुका है। शनिवार को फिलाडेल्फिया में सैंकड़ों की संख्या में लोग ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना है कि देशभर में सैंकड़ों आयोजनों में लाखों लोग शामिल हुए हैं।

लॉस एंजिलिस में हुए थे दंगे बीते हफ्ते अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अमेरिका के आव्रजन विभाग ने छापेमार कार्रवाई की थी और कई




अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया था। इसके खिलाफ लॉस एंजिलिस में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती का आदेश दिया, जिससे लोग और नाराज हो गए और शहर में जगह-जगह दंगे और आगजनी शुरू हो गई। अब भी लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि फिलहाल हालात सामान्य हैं। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन में भी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ लोगों ने विरोध मार्च निकाला।

वॉशिंगटन समेत कई शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में ड्रम लेकर डांस करते दिखे और प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप विरोधी नारे लगाए। अटलांटा में भी करीब पांच हजार लोग एक कार्यक्रम में शामिल हुए। शनिवार को ट्रंप वॉशिंगटन में आयोजित हुई मिलिट्री परेड में शामिल हुए। आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर इस परेड का आयोजन किया गया। वॉशिंगटन में भी करीब 200 लोगों ने लोगन सर्किल में ट्रंप के विरोध में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के बड़े-बड़े कटआउट बनाए हुए थे।

लोग बोले- फासीवाद चरम पर वर्जीनिया में तो प्रदर्शनकारियों को एक एसयूवी ने टक्कर भी मार दी, जिसमें 21 साल का एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया।

# अगर हमला हुआ तो पूरी अमेरिकी सेना आप पर टूट पड़ेगी, ट्रंप की ईरान को कड़ी चेतावनी

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने कोई दुस्साहस किया तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब इस्राइल ने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया। इस्राइल ने शनिवार को ईरान के बुशहर प्रांत में साउथ पारस गैस फील्ड से जुड़ी एक प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण इकाई पर भी हमला किया।

यह कहते हुए कि ईरान पर इस्राइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, ट्रंप ने दावा किया कि वह ईरान और इस्राइल के बीच आसानी से समझौता करवा



सकते हैं और इस संघर्ष को रुकवा सकते हैं। इससे पहले रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच परमाणु वार्ता के छठे दौर को रद्द कर दिया था। दरअसल, इस्राइल ने शुक्रवार को ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे। इनमें कई परमाणु ठिकाने भी शामिल थे। इससे पश्चिम एशिया में संघर्ष का एक और मोर्चा खुल गया। इस एयर स्ट्राइक में ईरान के 20 टॉप कमांडर मारे गए। इनमें आर्मी और एयरफोर्स चीफ भी शामिल हैं। इस्राइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से 6 ठिकानों पर हमला किया। इन हमलों में ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में ईरान ने दोपहर में इस्राइल पर जवाबी हमले किए। ईरान ने 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इस्त्राइली सेना यानी क्क्क्रक्का दावा है कि उसने सभी ड्रोन मार गिराए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान परमाणु समझौता कर ले वरना और बड़ा बड़ा हमला झेलना होगा। ट्रंप ने कहा कि सबकुछ खत्म होने से पहले ईरान को यह डील कर लेनी चाहिए। बढ़ते तनाव के बीच इस्त्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमले की योजना और सैन्य अभियान ऑपरेशन राइजिंग लायन को लेकर बड़ा खुलासा किया था। उन्होंने बताया था।

# बेजोस के लिए कोई जगह नहीं, अरबपति कारोबारी की शादी के खिलाफ हैं वेनिस के लोग

**वेनिस।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर पूर्व टीवी पत्रकार लॉरेन सांचेज जून के अंत (24 से 26 जून) के बीच वेनिस में शादी करने जा रहे हैं। हालांकि शादी की तारीख और जगह को बेहद गोपनीय रखा गया है, लेकिन वेनिस में तैयारियों से लोगों को अंदेशा हो गया है कि कुछ बड़ा होने वाला है। लेकिन इस भव्य शादी को लेकर वेनिस के कई स्थानीय लोग और कार्यकर्ता नाराज हैं। उनका कहना है कि पहले से ही भीड़भाड़ और पर्यटकों की वजह से परेशान शहर को ये हाई-प्रोफाइल शादी और थका देगी।

### नो स्पेश फोर बेजोस' का विरोध अभियान तेज

मामले में स्थानीय एक्टिविस्ट्स ने नो स्पेश फोर



बोजोस नाम से विरोध अभियान शुरू किया है। सान जॉर्जियो द्वीप की चर्च की मीनार पर नो स्पेश फोर बोजोस का बैनर भी लगाया गया। प्रदर्शन की आयोजक फेडेरिका टोनीनेलो ने दावा किया कि शादी ला मिसेरीकोर्डिया नामक इवेंट हॉल में हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बेजोस वहां तक नहीं पहुंच पाएगा। हम रास्तों को अपने शरीरों से रोकेंगे, नहरों को नावों और लाइफसेवर्स से जाम कर देंगे। साथ ही एक और प्रदर्शनकारी ना हैबी स्टेला फे ने कहा कि हमारे पास एक 10 मिलियन डॉलर की शादी को रोकने का मौका है, हमें ये करना चाहिए। स्थानीय नेताओं की चिंता वहीं वेनिस के विपक्षी नेता जियोवानी आंद्रेया मार्टिनी ने कहा कि यह शादी वेनिस के ₹डिज्नीफिकेशन₹ (पर्यटन के लिए असली शहर को शोपीस बना देना) का चरम उदाहरण है। उनका कहना है कि आम वेनिस वासियों को इससे कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि यह असुविधा ही लाएगा।

### वेनिस के मेयर ने शादी का किया समर्थन

तेज होते विरोध प्रदर्शन के बीच वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुग्नारो बोजोस के समर्थन में सामने आए है। उन्होंने विरोध करने वालों को शर्मनाक बताया। साथ ही दावा किया कि शादी से शहर को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, सिर्फ 200 मेहमान आमंत्रित होंगे।

# पश्चिम एशिया में बरस रहीं मिसाइलें: ईरान और इस्राइल ने किए ताजा हमले

**तेहरान ।** उन्होंने उस केंद्रों पर भी हमले किए, जहां से ईरान परमाणु हथियार बना सकता था। आईडीएफ ने ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को भी निशाना बनाया। ईरान ने भी इस्राइल पर हमले किए, जिसके बाद लाखों इस्राइली बंकरों में जाने को मजबूर हुए। ईरान के ताजा हमलों में इस्राइल में एक व्यक्ति की मौत हुई है और 19 लोग घायल हुए हैं।

ईरानी शासन की परमाणु हथियार परियोजना से संबंधित लक्ष्यों पर हमले पूरे इस्राइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने तेहरान में ईरानी शासन की परमाणु हथियार परियोजना से संबंधित लक्ष्यों पर हमलों की एक व्यापक श्रृंखला पूरी की है। लक्ष्यों में ईरानी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय, रढठऊ परमाणु परियोजना का मुख्यालय शामिल था।

जहां ईरान ने अपने परमाणु अभिलेख छिपाए, वहां भी हमला





आईडीएफ ने बताया कि जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें वह स्थान भी शामिल है- जहां ईरान ने अपने परमाणु अभिलेख छिपा रखे थे।

शाहरान तेल डिपो को इस्राइली हमले में निशाना बनाया गया ईरान ने कहा कि तेहरान में शाहरान तेल डिपो को इस्राइली हमले में निशाना बनाया गया। इस्राइली सेना ने तेहरान के पास एक तेल रिफाइनरी पर भी हमला किया। ईरान ने शनिवार को इस्राइली हमले के कारण आग लगने के बाद दुनिया के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पारस में भी आंशिक रूप से उत्पादन रोक दिया।

**यरुशलम और तेल अवीव में हवाई हमलेः** ईरान की ओर से इस्राइली शहरों पर नए हमलों के बाद यरुशलम और तेल अवीव में हवाई हमले के सायरन भी बजाए गए।

इस्राइल के ऊर्जा बुनियादी ढांचे और लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन की सुविधाओं पर हमला ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि ईरानी मिसाइलों और ड्रोन ने इस्राइल के ऊर्जा बुनियादी ढांचे और लड़ाकू जेट ईंधन उत्पादन की सुविधाओं को निशाना बनाया।

इस्राइली सेना की ओर से शुक्रवार को ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने और ईरान के परमाणु और सैन्य स्थलों पर हमला करने के बाद ताजा हमले किए गए। शीर्ष जनरलों और वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मौत इस्राइल ने कहा कि उसके हमलों में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े शीर्ष जनरलों और वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की मौत हो गई है। रविवार के हमलों से पहले ईरान के संयुक्त राष्ट्र राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए और 320 से अधिक अन्य घायल हो गए।

**ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस खतरे को दूर न कर दिया जाएः** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ऑपरेशन राइजिंग लायन इस्राइल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि यह ऑपरेशन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस खतरे को दूर न कर दिया जाए।



**इस्राइल और ईरान के बीच रविवार सुबह ताजा तनाव देखने को मिला। दोनों ही देशों ने एक-दूसरे पर ताजा हमले किए। इस्राइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरानी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय और एक परमाणु परियोजनाओं पर बड़े पैमाने पर हमले करने का दावा किया। आईडीएफ ने रविवार को बताया कि उन्होंने तेहरान में परमाणु हथियार केंद्रों पर हमले पूरे कर लिए हैं**

**यूएस-ईरान परमाणु वार्ता का एक दौर रद्दः** रविवार को ओमान में होने वाली यूएस-ईरान परमाणु वार्ता का एक दौर रद्द कर दिया गया। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने कहा कि जब तक ईरान पर इस्राइल के बर्बर हमले हो रहे हैं, तब तक यह चर्चा नहीं हो सकती।

**अमेरिका के साथ समझौता करने का आग्रहः** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को तेहरान से अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ समझौता करने का आग्रह किया था। उन्होंने इसके साथ ही कहा था कि ईरान को समझौता करना ही होगा, इससे पहले कि कुछ भी न बचे।

# पावन कैंची धाम के प्रतिष्ठा दिवस पर भंडारे का आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अनुज मित्तल तथा अमित गर्ग ने बाबा नीम करोली महाराज जी के आश्रम पावन कैंची धाम के प्रतिष्ठा दिवस पर रविवार को भंडारे का आयोजन किया। नेहरू नगर होली चाइल्ड चौराहे पर आयोजित भंडारे में समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर प्रसाद विकसित किया और प्रसाद ग्रहण किया।

# स्व. बिमलेश तोमर की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। करणी सेना के पदाधिकारी विवेक तोमर की माता स्व. बिमलेश तोमर की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को कविनगर रामलीला मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई और यहां समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्व. बिमलेश तोमर को श्रद्धासुमन अर्पित किये। विवेक तोमर ने अपनी माता स्व. बिमलेश तोमर की पुण्यतिथि पर भंडारे तथा मीठे जल की छबील भी लगाई।

# राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने के निगम कर रहा है इंतजाम, मुख्य चौराहों पर लगाई गई ग्रीन नेट

## बढ़ती गर्मी को देख निगम करा रहा है पानी का छिड़काव, राहगीरों के लिए कराई शुद्ध पेयजल की व्यवस्था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए इंतजाम करने में जुटा हुआ है, पेयजल की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई स्थानों पर मटके वाले प्याऊ भी लगाए गए हैं जिनको प्रतिदिन शुद्ध पेयजल से टैंकरों के माध्यम से भरा जाता है जिससे भीषण गर्मी में राहगिरियों को शुद्ध शीतल पेयजल की आपूर्ति हो रही है इसी के साथ-साथ पानी पिलाने वालों की ड्यूटी भी अस्थाई पियाऊ पर लगाई हुई है, इसके अलावा नगर आयुक्त द्वारा कई प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने के निर्देश भी टीम को दिए हैं जिसके क्रम में निर्माण विभाग द्वारा कार्यवाही तेज करते हुए हापुर चुंगी प्रमुख चौराहे पर पर ग्रीन नेट लगाया है, पानी छिड़काव के कार्यों को भी रफ्तार देते टैंकरों के माध्यम से सभी जोन अंतर्गत मुख्य मार्गो में पानी का छिड़काव भी कराया जा रहा है जिससे भीषण गर्मी में राहत मिल रही है। हापुर चुंगी के अलावा ठाकुरद्वारा तथा वसुंधरा रेड लाइट पर भी ग्रीन नेट लगाने का कार्य गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। आवश्यकता को देखते हुए अन्य प्रमुख स्थानों पर जहां राहगिरियों को रेड लाइट पर रुकना पड़ता है वहां ग्रीन नेट लगाने की कार्यवाही चल रही है, लगभग 55 स्थान पर मटके के पियाऊ लगाए हुए हैं जिनके माध्यम से प्रतिदिन हजारों राहगिरियों को पेयजल की आपूर्ति हो रही है।



### बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें नगरवासी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम आंतरिक वार्डों में भी निरंतर पानी की आपूर्ति हेतु कार्यवाही कर रहा है जिसमें जलकल विभाग नलकूपों की मरम्मत के लिए तेजी से कार्य कर रहा है, लगभग 6500 हैंडपंप तथा 1300 नलकूप के माध्यम से शहर को जलापूर्ति की जा रही है, नगर आयुक्त द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए शहर वासियों से भी बेजुबान पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था आवश्यक रूप से करने की अपील की गई है। हर घर अपने घरों की छत पर तथा घर के बाहर छोटे बर्तन में या बाल्टी में पानी भरकर अवश्य रखें जिससे ऐसे बेजुबान पशु पक्षी जो प्यासे होंगे वह इस पानी को पीकर राहत का अनुभव करेंगे अपील की गई है, कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी भीषण गर्मी में बेजुबान पशु पक्षियों के लिए पेयजल की आपूर्ति का कार्य किया जा रहा है जो की सराहनीय है। नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को प्रमुख स्थानों पर ग्रीन नेट की आवश्यकता को देखकर योजना बनाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं जलकल विभाग को लगे हुए मटके वाले पियाऊ पर मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए कहा गया है, उद्यान विभाग को भी पार्कों में विशेष ध्यान देते हुए साफ सफाई तथा पेड़ पौधों में नियमित पानी के छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं।

# ए.के.टी.यू. के वाइस चांसलर से अतुल जैन ने की मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के वाइस चांसलर प्रोफेसर जे.पी.पांडेय से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उत्तर प्रदेश की तकनीकी शिक्षा के संबंध में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया। प्रोफेसर जे.पी.पांडेय ने अवगत कराया कि 10 जुलाई 2025 से आगामी सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी और इस बार सत्र समय से प्रारंभ किया जाएगा। डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में आजकल भारत की उच्च शिक्षा और अन्य शिक्षा संस्थानों के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा मान्यता हेतु निरीक्षण के लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।



डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के गुणवत्ता और विस्तार हेतु उपयुक्त कदम उठाए हैं रोजगार हेतु विभिन्न शाखाओं में इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय के छात्र देश और विदेश में विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी औद्योगिक, सेवा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में कार्यरत हैं। डॉ.अतुल कुमार जैन ने वाइस चांसलर प्रोफेसर जेपी पांडेय से उत्तर प्रदेश की सभी तकनीकी संस्थाओं की ओर से संबद्धता विस्तार के कार्य को समय से पूर्ण करने का निवेदन किया और साथ ही पिछले काफी वर्षों से स्ववित्त पोषित तकनीकी संस्थाओं की फीस निर्धारण का कार्य नहीं किया गया है उसके लिए भी निवेदन किया। बैठक बड़े ही स्वाद पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई वाइस चांसलर महोदय ने सभी बातों को ध्यान से सुनकर आश्वासन दिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं भी भाजपा का मीडिया प्रभारी बनने का कर रहा हूं प्रयास? कुछ मिले ना मिले मंच तो नसीब हो जाता है श्रीमान? वैसे भी भगवा योद्धा के आने के बाद मीडिया वाले चौधरी साहब का दिख रहा है जलवा? हर मंच पर होते हैं उनके दीदार? कहने वाले ने कहा ना मुझे नामित बनना है और ना जाना है बोर्ड में? बस भगवा योद्धा मुझे मीडिया प्रभारी बनाकर कर दें मेरा उद्धार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हमने महानगर कार्यालय के हुए परिवर्तन को लेकर नजर डाली? उसका सौंदर्य देखकर हमारे हाथों से बज गई ताली? मगर हम यहां पर दे रहे थे बारिकी से एक बात पर ध्यान? मौके से पुरानी कुर्सी और टेबल भी बदल दी गई है श्रीमान? कहने वाले ने कहा आप क्यों लगा रहे हो इस बात पर इतना ध्यान? जब होता है कायाकल्प, तो फिर इन छोटी-छोटी बातों पर नहीं दिया जाता है ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी है अब भाजपा महामंत्री गोपाल अग्रवाल के किरदार पर नजर? देखना अब ये है कि वो राजनीति की जमीन पर खुद को कितना मजबूत रखेंगे? अपने आपको स्थापित करेंगे किधर? क्या आने वाले विधानसभा चुनाव में भी वो करेंगे दावेदारी? चुनेंगे वो शहर की सीट, या फिर मुरादनगर में खेलेंगे दावेदारी की पारी? कहने वाले ने कहा कुछ तो आग है उनके दिल में लगी हुई? देखना अब ये है क्या निकलती है वहां से चिंगारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में इस वक्त एक बात हो रही है बहुत ज्यादा आम? कहने वाले कह रहे हैं जिन नेता का घट रहा है लगातार वनज? ये विदेश वाले इंजेक्शन की कृपा है श्रीमान? उन्होंने अपने विदेश वाले दौरे में कराया है एक बहुत ही मंहगा इग्जेक्शन इंजेक्ट? इसलिए रोजाना घट रहा है उनका भार? कहने वाले ने कहा लगभग ये मामला 80 किलो तक पहुंचेगा? बस आप करिए 2027 आने का इंतजार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब कोई क्या करे जब अपने ही लगे हों अपनों को ही निपटाने पर? हम देख रहे हैं आजकल सपा का युवा तुर्क भाजपा वालों से ज्यादा अपनी ही पार्टी के नेताओं को निशाने पर ले रहा है? जबकि वो जानता है कि गाजियाबाद में साईकिल वैसे भी लगी है ठिकाने पर? कहने वाले ने कहा सोशल मीडिया पर हर कोई खेल रहा है खुल कर विरोध वाली पारी? लग रहा है फैसल भैया और वीरेन्द्र भैया के कंट्रोल से बाहर हो चुका है मामला? आखिर कौन लेगा इस बारे में जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आज अपना अंदाज बदलने जा रहा है भगवा कमांडर का यार? फिर से करने जा रहा है वो अपना पुराना रूप इख्तियार? सभी जानते हैं मिस्टर पहलवान रहें है शुरू से आंदोलनवीर? सुना है तरकश से फिर निकाल लिये हैं पुराने तीर? लोहिया पार्क की बदहाली को लेकर आज पप्पू भैया करेंगे जीडीए का घेराव? फिर से चलना शुरू कर दिया है अपना सेंटर में आने के लिए एग्रेशन वाला दांव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात नदिया पार में हो रही है आम? जब मदन भैया थे मंडल अध्यक्ष तब अपने कार्यक्रम में वो पार्षद को फोटो को भी देते थे स्थान? मगर हमने देखा एक कार्यक्रम में कुछ उल्टा हो गया उनके साथ? वर्तमान वाले मंडल अध्यक्ष ने नहीं समझे उनके जज्बात? दूर कर दिया होर्डिंग से उनका फोटो? कहने वाले ने कहा ये बात कम से कम संगठन स्तर पर तो नोट हो?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि पार्षद नरेश भाटी जी के बहाने पंडित जी का महामंत्री वाले पद पर हो जायेगा अभिषेक? मगर इस भावी ताजपोशी को अभी से लिया है त्यागी जी ने भांप? भले ही वो मौजूदा इस पद पर हों, मगर पता चला है कि उन्होंने दूरियां ली हैं नाप? आजकल भाटी जी के प्रेम की वजह से उन्होंने खुद को कर लिया है संगठन की गतिविधियों से दूर? कहने वाले ने कहा जब पता है हाथ में कुछ आना ही नहीं है? तो फिर मेहनत करके क्या मिलेगा हुजूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुआ भाजपा पार्षद संजय सिंह से हाउस टैक्स को लेकर सवाल? पूछने वाले ने पूछा आप स्वानों को लेकर खूब हुंकार भरते हो? मगर हाउस टैक्स के मामले में क्यों बंद है आपके मुख के द्वार? इस बात पर सिंह साहब ने कहा हर वक्त हमेशा सामने वाले को एक सा नहीं तौलता है? निगम में कुछ चेहरे ऐसे हैं जो हमें बर्दाश्त नहीं कर पाते? जब हम बोलते हैं तो वो बोलते हैं कि देखो कितना बोलता है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी जी पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं अपनी यारी? जितनी भी उनकी गुडबुक वाली खबरे प्रकाशित होती हैं? उन सभी खबरों को वो कर देते हैं साहिबाबाद विधानसभा के तमाम ग्रुपों में जारी? कहने वाले ने कहा ऐसा लगता है जैसे वो अपने मित्र के लिए संभाल रहे हों साहिबाबाद से जिम्मेदारी? जैसे साबित करना चाह रहे हों, सिर्फ पहलवान ही नहीं है इस मुहिम में तुम्हारा यारी?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पहल पोर्टल से प्राधिकरण की आय 100 करोड़ के पार



Ghaziabad Development Authority
(From 01-Apr-2025 to Till Today)

| Visitors Count | Offline Challan Created Count | Offline Challan Verified Count | Offline Challan Collection |
|---|---|---|---|
| 7452 | 5709 | 3548 | 99,05,53,724.98 |
| | Online Challan Created Count | Online Challan Verified Count | Online Challan Collection |
| | 733 | 322 | 4,37,53,371.96 |
| Total Collection in PAHAL | | | 1,03,43,07,096.94 |
| One Hundred Three Crore Forty-Three Lakh Seven Thousand Ninety-Six Rupees and Ninety-Four Paise | | | |

**गाजियाबाद, करंट क्राइम्र।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में डिजिटल दुनिया की ओर जीडीए द्वारा लागू किया गया पहल पोर्टल की शुरूआती मुहिम रंग ला रही है।संपत्ति के प्रत्येक पटल से प्राप्त आंकडों की समीक्षा के दौरान सामने आया कि पहल पोर्टल से न केवल करीब 7 हजार 452 आवंटी जुड गए है, बल्कि 3381 आवंटियों के द्वारा अपनी निकटत्तम बैंक शाखाओं के माध्यम से प्राधिकरण कोष में करीब सौ करोड की राशि जीडीए कोष में 1 अप्रैल से अभी तक जमा की। इस पोर्टल मे प्राधिकरण की दस महत्वपूर्ण योजनाओं, जिनमें मुख्य रूप से मधुबन बापूधाम, इंदिरापुरम, स्वर्ण जयंतिपुरम, प्रताप विहार, वैशाली, कोयल इन्कलेब, इंद्रप्रस्थ, गोविंदपुरम, कपूरीपुरम, चंद्रशिला आदि योजनाओं के आवंटियो का योगदान है।

इस बीच समीक्षा के दौरान ये भी सामने आया कि सर्वाधिक मधुबन बापू धाम योजना के 1736 आवंटियों के द्वारा पहल पोर्टल के माध्यम से किश्तों का भुगतान किया गया। इसी तरह से प्रताप विहार योजना के 553, इंद्र प्रस्थ योजना के 257, इंदिरापुरम 155 और निवाडी की पीएम वाइ योजना के 130 तथा राजेंद्र नगर योजना के 89, नंद ग्राम के 57 एवं वैशाली के 31 आवंटियों के द्वारा लाभ उठाया गया। पहल पोर्टल की खासियत ये है कि इसमें आनलाइन चालान के माध्यम से घर बैठे किश्तों के भुगतान, नौ डयूज सर्टिफिकेट के साथ रजिस्ट्री के लिए घर बैठे स्लाट बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसके साथ साथ ये भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि जैसे की आवंटी के द्वारा किश्तों का भुगतान किया जाएगा, वैसे ही उन्हे ये जानकारी प्राप्त होगी कि अब कितनी राशि अवशेष है।

अगली किश्त का कब भुगतान किया जाना है। पहल पोर्टल के माध्यम से हाल में एक आवंटी को उसकी मेल पर आवंटन लेटर भी उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा संपत्तियों के म्युटेशन की भी सुविधा उपलब्ध करायी गई है। पहल पोर्टल को सुदृढ़ करने की दिशा में जीडीए परिसर में बाकायदा हेल्प डेस्क बनाते हुए स्टाफ की तैनाती की गई है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। फादर्स डे के अवसर पर भाजपा के युवा नेता नितिन जय मावी ने अपने पिता के सम्मान में शब्द अर्पित किए। उन्होंने अपने पिता को भगवान का दर्जा दिया और उन्हें अपनी तकदीर भी बताया। एक बेटे द्वारा अपने पिता को फादर्स डे पर शब्दों के साथ सोशल मीडिया पर दिया गया यह सम्मान बना करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।